वर्ष 23, अंक 264, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और एनडीए के नेता मौजूद रहे**

## नायब सिंह सैनी ने दूसरी बार ली सीएम पद की शपथ

**हरियाणा**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और अन्य मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और एनडीए के नेता मौजूद रहे।

नायब सिंह सैनी गुरुवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में दूसरी बार शपथ ली है। समारोह पंचकुला में आयोजित था और हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने



उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। इसके अलावा सैनी मंत्रिमंडल के मंत्रियों ने भी शपथ ली। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और अन्य मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और एनडीए के नेता मौजूद रहे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 90 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीटें जीतकर राज्य में अभूतपूर्व तीसरा कार्यकाल हासिल किया।

हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने के साथ ही सैनी दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। एनडीए के सहयोगी चंद्रबाबू नायडू, ललन सिंह, अजित पवार, एकनाथ शिंदे, पवन कल्याण भी मंच पर मौजूद हैं। वहीं, सैनी मंत्रिमंडल के 13 मंत्रियों ने भी शपथ ली।

### इन लोगों ने ली मंत्रीपद की शपथ

**पंजाबीः अनिल विज**
**दलितः कृष्ण लाल पंवार, कृष्ण कुमार बेदी**
**ब्राह्मणः अरविंद शर्मा, गौरव गौतम**
**जाटः श्रुति चौधरी, महिपाल ढांडा**
**ओबीसीः राव नरबीर सिंह, आरती राव, रणबीर सिंह गंगवा, राजेश नागर गुरजकर**
**बनियाः विपुल गोयल**
**राजपूतः श्याम सिंह राणा**



## पेरू : जेल में आग लगने से पांच लोगों की मौत, 12 से ज्यादा घायल


**लीमा। पेरू** के शहर हुआंकायो की एक जेल में आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 12 से ज्यादा घायल हो गए। नेशनल पेनिटेंटरी इंस्टीट्यूट (आईएनपीई) ने बुधवार को बताया कि आग मंगलवार को स्थानीय समयानुसार रात 9:30 बजे हुआंकायो जेल के पवेलियन दो के शू वर्कशॉप में लगी। इसके कारण पांच लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्थिति की जानकारी मिलने पर सुरक्षाकर्मियों ने स्थानीय अग्निशमन कर्मियों को सूचित किया।

## राहुल के जाति कार्ड को सुलगाने से पहले ही मोदी-फडणवीस ने चल दिया बड़ा दांव?

**महाराष्ट्र**

**हरियाणा** चुनाव की तरह की कांग्रेस की जाति की राजनीति को काटने के लिए पीएम मोदी ने हिंदुत्व का कार्ड चला। वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए कनेक्ट होकर पीएम मोदी ने महाराष्ट्र सरकार को सात हजार 6 सौ करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट की सौगात दे दी। यानी पीएम मोदी ने महाराष्ट्र में विकास और हिंदुत्व दोनों का एजेंडा एक साथ सेट कर दिया।

कांग्रेस अब तक हरियाणा की हार को नहीं समझ पा रही है। उनकी गाड़ी अब तक हरियाणा की हार में ही अटकी हुई है तो दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी की गाड़ी बढ़कर महाराष्ट्र पहुंच चुकी है। पूरा फोकस इस बात पर है कि हरियाणा जैसी जीत झारखंड और महाराष्ट्र में कैसे दिलाई जाए। इसलिए



आपको याद होगा कि हरियाणा जीतने के 24 घंटे के अंदर ही पीएम मोदी और महाराष्ट्र सरकार ने बैक-टू-बैक फैसले और ताबड़तोड़ बयानों से महाराष्ट्र चुनाव का रुख पलटना शुरू कर दिया। हरियाणा चुनाव के परिणाम आने के 24 घंटे तक तो राहुल गांधी सामने ही नहीं आए थे। दूसरी तरफ हरियाणा में जीत के 24 घंटे के अंदर ही पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के नेताओं का टारगेट सेट कर दिया। उन्हें हरियाणा से भी बड़ी जीत सुनिश्चित करने के लिए बूस्ट किया गया है। हरियाणा चुनाव की तरह की कांग्रेस की जाति की राजनीति को काटने के लिए पीएम मोदी ने हिंदुत्व का कार्ड चला। वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए कनेक्ट होकर पीएम मोदी ने महाराष्ट्र सरकार को सात हजार 6 सौ करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट की सौगात दे दी। यानी पीएम मोदी ने महाराष्ट्र में विकास और हिंदुत्व दोनों का एजेंडा एक साथ सेट कर दिया।

पीएम मोदी से लेकर अमित शाह का दौरा लगातार

पिछले चार महीने में पीएम मोदी चार बार महाराष्ट्र का दौरा कर चुकेहैं। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री अमित शाह भी चुनावी तैयारियों का जायजा लेने और सीट शेयरिंग को फाइनल करने महाराष्ट्र का दौरा कर चुके हैं। बीजेपी गठबंधन के लिए महाराष्ट्र का विधानसभा चुनाव नाक का भी सवाल है। लोकसभा में यूपी के बाद सबसे ज्यादा सीटें महाराष्ट्र में ही है। बीजेपी को उम्मीद है कि हरियाणा की जीत का असर महाराष्ट्र पर भी दिखेगा और पीएम मोदी ने हरियाणा जीत के दिन कार्यकताओं को संबोधित करते हुए ये कहा भी था। महाराष्ट्र में बीजेपी ने लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और बीजेपी की कोशिश होगी कि उसकी याद को नई जीत से मिटाया जाए।

## भाजपा अपने आंतरिक सर्वे में मिल्कीपुर हार रही थी, इस कार□टले चुनाव : अखिलेश



**लखनऊ। समाजवादी** पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर चुनाव को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपनी संभावित हार से बचने के लिए मिल्कीपुर का चुनाव टाल दिया, क्योंकि वह अपने आंतरिक सर्वे में हार रहे थे। अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ में महर्षि वाल्मीकि की जयंती के मौके पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बीतचीत के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री और प्रशासन के अधिकारी कई बार मिल्कीपुर गए। उन्हें पता चला कि वे हार रहे हैं। इसके बाद चुनाव को टालने का निर्णय लिया गया। अब अपनी बदनामी बचाने के लिए कोर्ट और निर्वाचन आयोग का चक्कर लगा रहे हैं। जिससे वहां चुनाव हो जाए। इसके अलावा अखिलेश यादव ने कहा कि बहराइच में क्या प्रशासन को जानकारी नहीं थी वहां क्या-क्या हो रहा है। अब प्रशासन और शासन मिलकर के अन्याय कर रहा है। मैं कल महाराष्ट्र जा रहा हूं और इंडिया गठबंधन वहां जीते इसपर जोर है। हमारी कोशिश होगी कि हम इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ें। हमने सीटें मांगी हैं और हमें उम्मीद है कि जहां हमारे दो विधायक थे वह हमें ज्यादा सीटें देंगे। हम वहां पर मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के साथ उत्तर प्रदेश में गठबंधन को लेकर जल्दी तय हो जाएगा कि हमें कितनी सीटों पर चुनाव लड़ना है। राजनीति में साथ आना साथ काम करना यह बहुत अच्छी परंपरा है। जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की पहली जीत हुई है। जम्मू-कश्मीर को अब पूरे राज्य का दर्जा मिल जाना चाहिए।

## मथुरा सड़क हादसे में चार मजदूरों की मौत, सीएम योगी ने तुरंत लिया संज्ञान

**लखनऊ। यूपी** के मथुरा में गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे का संज्ञान लिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। सीएम योगी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बता दें कि मथुरा में गुरुवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में चार मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई और 5 लोग घायल हुए। मृतकों में दो महिला और दो बच्चे भी शामिल हैं।

**सलमान खान के घर पर फायरिंग का आरोप**

## पानीपत में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का शूटर गिरफ्तार

**पानीपत। मुंबई** पुलिस को बुधवार देर रात बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े एक शूटर को पानीपत के सेक्टर-29 थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

पानीपत से गिरफ्तार किए गए शूटर का नाम सुखा है, जो पानीपत के रेल कलां गांव का रहने वाला है। शूटर सुखा को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस ने बुधवार देर रात सुखा को पानीपत की सेक्टर 29 थाना पुलिस के सहयोग से



गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी नवी मुंबई पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता है।

जानकारी के अनुसार, सुखा पर नवी मुंबई पुलिस में एफआईआर दर्ज है। वह उन आरोपियों में शामिल है, जिन्होंने सलमान खान के नवी मुंबई स्थित पनवेल फार्म हाउस की रेकी की थी। इस फार्म हाउस पर हमले की साजिश रची गई थी, जिसमें सुखा मुख्य आरोपी था। गिरफ्तारी के बाद सुखा को नवी मुंबई लाया जा रहा है, जहां उसके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग करने के आरोप में इससे पहले भी पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

आपको बताते चलें, सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट पर 14 अप्रैल को फायरिंग की गई थी। नाबालिग के माध्यम से सलमान पर हमला करने की योजना बनाई जा रही थी।

**'हमें 12 सीट चाहिए, नहीं देंगे तो...'**

## अखिलेश की पार्टी का एमवीए को अल्टीमेटम

**यूपी**

: महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियों में जुटी अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी (सपा) इन दिनों महाविकास अघाड़ी (एमवीए) से नाराज है. एमवीए में सपा कम से कम पांच सीटें चाहती है, वहीं विपक्षी गठबंधन इसके लिए राजी नहीं है. हालांकि बातचीत जारी है.

इस बीच महाराष्ट्र में सपा के अध्यक्ष अबू आजमी ने एबीपी न्यूज से बातचीत में कहा कि हमें 12 सीट चाहिए, नहीं देंगे तो ऐसा थोड़ी है कि चुनाव नहीं लड़ेंगे.



इतनी बड़ी पार्टी चला रहे हैं, 288 सीटो पर लड़ने की ताकत नहीं है, लेकिन जिसमें ताकत है उस पर लड़ेंगे.

**हमें छोटी पार्टी समझते हैं- अबू आजमी**

उन्होंने अपने एक्स पोस्ट को लेकर कहा, "महाविकास आघाड़ी को मेरा पोस्ट एक चेतावनी है. हमें छोटी पार्टी समझते हैं, किसी बैठक में बुलाते ही नहीं. अभी तक सिर्फ 1 ही बैठक की है . कहते हैं जो बड़ी पार्टी है, पहले उनको मीटिंग करने दो वो लोग अपने को बड़ी पार्टी कहते हैं, उनके मुताबिक हम सिर्फ यूपी में बड़ी पार्टी हैं."

विधायक अबू आजमी ने कहा, "मैंने देखा कांग्रेस तो कुछ सीटों पर उम्मीदवार अनाउंस भी करने वाली है, इसलिए मैंने लिखा, मैंने 12 सीट मांगी है और सभी सीटों पर मैं देख चुका हूं, सपा ही सबसे बड़ी ताकत है।

## 5 बल्लेबाज नहीं खोल सके खाता, भारत 46 रनों पर ढेर, बेंगलुरु में रोहित सेना का शर्मनाक रिकॉर्ड

**बेंगलुरुः भारतीय** क्रिकेट टीम के लिए आज किसी बुरे सपने की तरह रहा। उसे बेंगलुरु टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में न्यूजीलैंड ने सिर्फ 46 रनों पर ढेर कर दिया है। यह उसका भारत में खेले गए किसी भी टेस्ट में सबसे छोटा स्कोर है, जबकि ओवर ऑल तीसरा सबसे छोटा स्कोर है। न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्षाबाधित पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन भारत ने लंच तक छह विकेट 34 रन पर गंवा दिए थे, जबकि इसके बाद पंत



आउट हुए और फिर टीम लगातार विकेट गंवाती रही। रोचक बात यह है कि न्यूजीलैंड ने इस पारी में सिर्फ 3 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया और तीनों ही तेज गेंदबाज थे।

## भाजपा का सदस्यता अभियान और कांग्रेस के सवाल

**भोपाल। भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यता अभियान संगठन पर्व के दो चरणों में मध्य प्रदेश की इकाई ने नया इतिहास रच दिया है। इस सदस्यता अभियान से जहां भाजपा का संगठन उत्साहित है वहीं कांग्रेस में हलचल मची है और उसकी ओर से सदस्यता अभियान पर सवाल उठाए जा रहे हैं। भाजपा का दूसरे चरण का सदस्यता अभियान 15 अक्टूबर को पूरा हो गया है। पार्टी ने अपने निर्धारित लक्ष्य डेढ़ करोड़ सदस्य बनाने के लक्ष्य को पार कर लिया है।

## इंडिया गठबंधन के लिए कुबार्नी देगी आप?

**महाराष्ट्र और झारखंड में नहीं लड़ेगी चुनाव, दिल्ली पर पूरा फोकस**

**नई दिल्ली**

सूत्रों के मुताबिक पार्टी इंडिया ब्लॉक को मजबूत करने पर फोकस करना चाहती है। हालाँकि, संगठनात्मक विस्तार के लिए महाराष्ट्र आप इकाई चुनाव में जाना चाहती है, लेकिन आप के शीर्ष नेतृत्व से सहमति मिलने की संभावना नहीं है।

आम आदमी पार्टी के झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना नहीं है क्योंकि पार्टी दो राज्यों में मतदाताओं के मन में भ्रम पैदा करने के बजाय दिल्ली चुनावों पर ध्यान केंद्रित करना चाहती है जिससे भाजपा विरोधी वोट बंट सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक पार्टी इंडिया ब्लॉक को मजबूत करने पर फोकस करना चाहती है। हालाँकि, संगठनात्मक विस्तार के लिए महाराष्ट्र आप



इकाई चुनाव में जाना चाहती है, लेकिन आप के शीर्ष नेतृत्व से सहमति मिलने की संभावना नहीं है। सूत्रों ने आगे बताया, 'हमारा ध्यान दिल्ली पर है और हम महाराष्ट्र में मतदाताओं के मन में और भ्रम पैदा नहीं करना चाहते, जिससे बीजेपी विरोधी वोट बंट जाएं।' 11 अक्टूबर को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने दिल्ली चुनाव के लिए पार्टी मुख्यालय में बूथ तैयारियों को लेकर एक अहम बैठक की। बैठक में पार्टी के प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक के पदाधिकारी शामिल हुए. संदीप पाठक ने कार्यकताओं से बातचीत की।

उन्होंने कहा कि आप विधानसभा चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार है और उसने दिल्ली में पहले से ही मजबूत संगठन को और मजबूत करने और राज्य के हर बूथ को मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएंगे, भाजपा एक बार फिर आप के खिलाफ साजिश रचेगी।

## अब रेलवे रिजर्वेशन के लिए नहीं होगी मारामारी, 120 नहीं 60 दिन पहले ही बुक करा सकेंगे वेटिंग टिकट

**नई दिल्ली**

**भारतीय** रेलवे ने टिकट बुकिंग के नियम में बदलाव किया है. अब 120 दिन की जगह 60 दिन पहले ही टिकट बुक करा सकेंगे. रेल मंत्रालय की ओर से गुरुवार (17 अक्टूबर 2024) को जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, अब एडवांस रिजर्वेशन की समय सीमा घटा दी गई है.

रेलवे ने इस नोटिफिकेशन में बताया है कि अब 1 नवंबर 2024 से ट्रेनों में एडवांस रिजर्वेशन की मौजूदा समय सीमा 120 दिनों से घटाकर 60 दिन (यात्रा की तिथि को छोड़कर) रहेगी. हालांकि,




120 दिनों के अफढ के तहत 31 अक्टूबर 2024 तक की गई सभी बुकिंग बरकरार रहेंगी.

ताज जैसी ट्रेन पर नियम लागू नहीं

रेलवे ने ये भी बताया है कि ताज जैसी कुछ दिन के समय चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के मामले में कोई बदलाव नहीं होगा. एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस आदि में अग्रिम आरक्षण के लिए समय सीमा कम है. इसके अलावा विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की सीमा के मामले में भी कोई बदलाव नहीं होगा।

# जमीन विवाद में मारपीट में घायल व्यापारी की इलाज के दौरान मौत , परिजनों ने 6 मांगो को लेकर किया हंगामा

अखंड भारत संदेश


**कौंधियारा।** कौंधियारा थाना के अंतर्गत 4 दिन पूर्व में जमीन के विवाद में छत पडवाने के निर्माण को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी जिसमे 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।जिसमे किराना व्यापारी अनिल केसरवानी (पिंटू 35 वर्ष) पुत्र बब्बू केसरवानी के सर पर गंभीर चोट आने के कारण 5 दिन से पहले जिला अस्पताल में एडमिट कराया गया था जहां मरीज को कोई इलाज में राहत ना मिलने से घर के परिजनों ने प्राइवेट हॉस्पिटल के एडमिट किया जहां पर 3 दिन से वेंटीलेटर में रखकर इलाज किया जा रहा था। जहां बुधवार की बीती रात लगभग 12 बजे इलाज के दौरान युवक की मौत हो है गई। परिजनो ने पुलिस पर आरोप लगाया की मृतक अनिल की मौत 3 दिन पहले ही हो गई थी लेकिन पुलिस के दबाव होने के कारण वेंटिलेटर पर रख कर इलाज किया जा रहा था वहा मौजूद पुलिस प्रशासन ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा परिजनो को मौत सूचना मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया अनिल चार भाईयो में दूसरे नंबर का जो की किराया की दुकान खोल रखा था जो की उससे अपने परिवार का भरण पोषण करता था।मृतक अनिल की शादी बारा थाना क्षेत्र के लोहगरा बाजार में हुई है। पत्नी रुचि , शिवा (7 वर्ष )शुभ( 5 वर्ष ) का रो रोकर बुरा हाल है। शव आने से पहले भारी संख्या में पुलिस बल तैनात दिखाई दी। बाजार के दबंग , भूमाफिया और सोरेपुस्त लोगों ने षड्यंत्र कर- के लाठी डंडे, धारदार हथियार से हत्या की नियति जान लेवा हमला कर दिया और मृतक की पत्नी रुचि ने बताया की पति अनिल इतनी बुरी तरीके की इलाज के दौरान मौत हो गई। पत्नी ने बच्चें अनाथ हो गए। आय का कोई साधन नहीं है मृतक पत्नी ने कहा किन रहने को घर है । आर्थिक , भरण पोषण और बच्चो के शिक्षा के लिए निम्न मांग करती है।







1. सरकार /शासन द्वारा प्रार्थिनी और प्रार्थिनी दोनों बच्चों के रहने के लिए आवासीय जमीन और मकान दिया जाय ।
2. प्राथीर्नी के दोनो बच्चो की शिक्षा का खर्च सरकार द्वारा दिया जाय ।
3. सरकार द्वारा जीवन यापन के लिए 60 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाय।
4. प्राथीर्नी के पति की हत्या और हमला में संलिप्त दोषियों की तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा जाय ।
5. अभियुक्तगणों द्वारा सरकारी जमीनों पर बनाए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाय ।. घटना में संलिप्त और जानबूझकर थाना प्रभारी कौंधियारा व चौकी इंचार्ज विपिन वर्मा को निलंबित कर कठोर कानूनी कार्यवाही की जाए।



## बभनियाँव गांव निवासी प्रशांत शुक्ल को किया गया सम्मानित

**जंघई।** बभनियाँव गांव निवासी समाजसेवी प्रशांत कुमार शुक्ल बिक्की को इस वर्ष मछलीशहर गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। उनके सामाजिक कार्यों में रुचि के लिए मछलीशहर शहर गौरव सम्मान जौनपुर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह द्वारा किया गया। मंच पर पूर्व सांसद बीपी सरोज, जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशि मोहन क्षेम एवं जौनपुर यातायात पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जीडी शुक्ल व अन्य गणमान्य सज्जनों की उपस्थिति रही।

## पुलिस भर्ती परीक्षा में नकल का ठेका लेकर पास कराने वाला वांछित को पुलिस ने दबोचा

### 8 अगस्त को एक आरोपी दयाशंकर जा चुका है जेल , वांछित थाने में आया था दलाली करने

**मऊआइमा।** पुलिस भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों को पास कराने के नाम पर 8 अगस्त को एसटीएफ ने सर्विलांस की सहायता तथा मुखबिर की निशानदेही पर एक शातिर सदस्य को एसटीएफ ने दबोच कर मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा था।जिसमें मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गढचम्पा निवासी दया शंकर यादव पुत्र राजा राम यादव को एसटीएफ की टीम सर्विलांस की सहायता तथा मुखबिर की सूचना पर को रामफल इनारी चौराहे से मलखानपुर मार्ग से गिरफ़्तार कर चालान कर दिया था। बताया गया है कि पूछ ताछ के दौरान फ्राडिया दया शंकर यादव ने बताया था कि वह और उसका साथी अमिताभ मिश्रा पुत्र शिवकुमार ग्राम कोटवा जमुनीपुर थाना सराय इनायत अभ्यार्थियों से पुलिस भर्ती के लिए बारह लाख रुपए में पास कराने का ठेका लेते थे।दो लाख एडवांस तथा परीक्षा के बाद दस लाख लेने की बात तय होती थी। अभ्यार्थियों से कहा जाता कि जो प्रशन पत्र का उत्तर आए उसको लिखें जो न आए उसे छोड दें।जिसे परीक्षा कराने वाले हमारे लोग लिख देंगें। दयाशंकर यादव , अमिताभ मिश्रा के खिलाफ एसटीएफ टीम के इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने मऊआइमा थाने में अनेकों गम्भीर धाराओं में मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया था। अमिताभ मिश्रा पुत्र शिवकुमार मिश्र ग्राम कोटवा जमुनीपुर थाना सराय इनायत की तलाश जारी थी। बताया गया है बुधवार शाम को अमिताभ मिश्रा थाने में दलाली की नीयत से आया था। मुखबिर के बताने पर मऊआइमा पुलिस ने धर दबोचा तो वह सच्चाई बयान कर दिया।जिसे पुलिस ने दबोच कर जेल भेज दिया।

## सज धज एवं आकर्षण के साथ निकला सहसों का रामदल

**सहसों।** ऐतिहासिक श्री आदर्श रामलीला कमेटी सहसों के द्वारा 10 दिनों तक खेली गई रामलीला में आज के मानव समाज के लिए मयार्दा पुरुषोत्तम राम के आदर्श एवं संस्कार को स्थापित करने हेतु मंचन के माध्यम से दिखाया गया। तत्पश्चात ग्यारहवें दिन रामलीला मैदान पर असत्य पर सत्य की विजय के लिए भगवान राम के द्वारा राक्षस राज रावण का वध हुआ। रावण का वध होते ही उपस्थित लोगों में प्रभु श्री राम का उद्घोष होने लगा। रावण वध के उपरांत विजय प्राप्त कर माता सीता के साथ राम दल को कमेटी द्वारा आकर्षक साज सज्जा के साथ रामदल को निकाला गया। हांथी पर सवार भगवान राम, माता जानकी, लक्ष्मण एवं हनुमान जी का भक्तों ने जगह-जगह रोक कर रामदल एवं गणेश जी का माल्यार्पण कर आरती उतारी एवं फल तथा मिष्ठान का भोग लगाकर भगवान का जयकारा लगाया। इस दौरान कमेटी द्वारा बैंड बाजा एवं आधुनिक वाद्य यंत्रों के साथ रामदल को रामलीला मैदान से निकाल कर गली मोहल्लों एवं बाजार, राम जानकी मंदिर, गोल चौराहा से होते हुए दुर्गा मंदिर ललचहां तक ले जाकर वापस रामलीला स्थल पर विराम दिया गया। रामदल के स्वागत में पूरे सहसों बाजार में जगह-जगह तोरण द्वार भी बनाए गए थे तथा रामदल के साथ कमेटी के संरक्षक एवं भाजपा नेता आशीष केसरवानी व अनिरुद्ध सिंह पटेल, अध्यक्ष अजय केसरवानी, प्रबंधक अनुराग सिंह अन्नू , जय कृष्ण सोनी, प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल, भाजपा नेता वीरेन्द्र बहादुर सिंह, राजधर द्विवेदी, संजय सिंह, राजेंद्र केसरवानी, पूर्व विधायक प्रशांत सिंह, अरविंद केसरवानी, सत्यम सिंह, शिव बाबू केसरवानी, जयेश केसरवानी, शासित अशोक तिवारी, धनंजय शाश्वत एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति तथा आदि भक्तों ने सुंदर मंगल ध्वनि एवं जयकारा लगाते साथ-साथ चल रहे थे। भगवान राम द्वारा असत्य पर विजय प्राप्त करने पर कमेटी द्वारा दशहरा मेले का आयोजन किया गया। लगभग 2 किलोमीटर की परिधि में लगे मेले को आकर्षक आधुनिक विद्युत लाइटों से जगमग किया गया था। मेले में दर्शकों के आकर्षण के लिए भव्य एवं आधुनिक विद्युत से सजी आकर्षक स्वचालित व आधुनिक वाद्य यंत्रों के साथ चौकी पर झांकियां भी प्रदर्शित की गई। क्षेत्र में सहसों बाजार के दशहरे का विशाल मेला होने के लिहाज से तथा मेले में दूर दराज के गांव से आए हजारों की संख्या में दर्शकों को रोशनी एवं प्रशासनिक कोई अव्यवस्था उत्पन्न नहीं हो सके इसके लिए पुलिस प्रशासन एवं विद्युत विभाग के आला अधिकारी के साथ कर्मचारी मुस्तैदी के साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर हजारों की संख्या में ग्रामीण दर्शक नर नारी मेले का आनंद लेते देर रात तक मौजूद रहे।





## सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है- पं. सत्यव्रत शुक्ल महाराज



**जंघई।** रधईपुर, महरछा गांव में मुख्य यजमान राजनाथ तिवारी एवं ललिता तिवारी, राजित राम त्रिपाठी एवं जयंती त्रिपाठी, त्रिभुवन त्रिपाठी एवं मिथिलेश त्रिपाठी के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन गुरुवार को कथा वाचक पं. सत्यव्रत शुक्ल महाराज द्वारा संगीतमय कथा में सृष्टि वर्णन, कर्दम चरित्र, सती चरित्र एवं ध्रुवोपाख्यान सहित विभिन्न प्रसंगों पर वर्णन किया। कहा कि ईश्वर की आराधना के साथ अच्छे कर्म करना चाहिए और जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करना चाहिए। भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया। कथा संपन्न होने पर आरती के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर परिजनों में विवेक कुमार तिवारी एवं आशा तिवारी, इंजीनियर रुद्रमणि त्रिपाठी एवं आरती त्रिपाठी, चंद्रमणि त्रिपाठी एवं अंताक्षरा त्रिपाठी, इंजीनियर विशाल त्रिपाठी, विक्की, शौर्य, शिवांग, समर्थ सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

## विद्यालय भवन निर्माण कार्य में ठीकेदार कर रहा मनमानी

### प्रधानाध्यापिका के कहने के बाद भी मनमानी पर अड़े ठीकेदार की बीईओ उरुवा से किया शिकायत



**मेजा।** क्षेत्र के समहन गांव में स्थित द्वितीय प्राथमिक विद्यालय की भवन निर्माण में घोर लापरवाही बरती गई है। पेड़ की दाल के दबाव से छत से पानी का रिसाव हो रहा है. शिकायत के बावजूद ठेकेदार मनमानी पर अडिग है। बता दें उक्त विद्यालय की पुरानी बिल्डिंग जर्जर होने की वजह से दो कक्षीय नई बिल्डिंग बनाई गई छत की किनारा पर एक वृक्ष की मोटी डाल का दबाव बना हुआ है जिसकी वजह से छत से पानी का रिसाव होता है विद्यालय की प्रधानाध्यापक राधिका कुमारी ने बताया कि नई बिल्डिंग की छत पर मोटी डाल का दबाव आगे खतरा उत्पन्न कर सकता है. अधिक दबाव के कारण छत भी टूट सकता है इसी को देखते हुए ठेकेदार को कई बार शिकायत की, लेकिन उसने शिकायत को अनसुना कर दिया. प्रधानाध्यापक ने लापरवाही की शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी पूर्व के साथ उच्चअधिकारियों से की है इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।



## बीडीओ व डिप्टी सीवीओ बारा ने गोआश्रय स्थल पांडर का किया निरीक्षण

**जसरा।** खंड विकास अधिकारी जसरा व डिप्टी सीवीओ बारा द्वारा संयुक्त निरीक्षण गोआश्रय स्थल पांडर का किया गया। जिसमें एक एक गोवंशों के स्वास्थ्य से लेकर उनके खान पान की ब्यवस्था को परखा। खंड विकास अधिकारी जसरा अनीश अहमद व डिप्टी सीवीओ डा०चन्द्रशेखर पाल गुरुवार को गोआश्रय स्थल पांडर पर पहुंच कर गोवंशों के स्वास्थ्य,उनको मिलने वाले आहार संबंधित जानकारी से अवगत हुए। बीडीओ जसरा ने बताया कि गोआश्रय स्थल पांडर में कुल 300 गोवंश पाये गये। गोवंशों को खाने के लिए भूसा के साथ हरा चारा,पशु आहार दिया गया था। गोशाला में साफ-सफाई की ब्यवस्था देख बीडीओ जसरा खुश हो गए। सभी गोवंशों को टैग लगा हुआ पाया गया। डिप्टी सीवीओ ने कहा कि समय समय पर गोवंशों के इलाज की ब्यवस्था राजकीय पशु चिकित्सालय बारा द्वारा किया जा रहा है। ग्राम प्रधान सुरेन्द्र कुमार सोनकर ने बताया कि नियमित रूप से गोवंशों को मिलने वाली खुराक में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं हो रही है। इस अवसर पर एडीओ एसटी राजेश कुमार शर्मा, प्रधान सुरेन्द्र कुमार सोनकर,ग्राम विकास अधिकारी के पी सिंह,ननकऊ तिवारी,बबलू शुक्ला, रंजीत कुमार, रमेश कुमार, नरेन्द्र,सुलेम,सुनील कुमार सहित दर्जन भर ग्रामीण मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### बहराइच दंगा में गोली का शिकार हुए रामगोपाल की मौत पर रामकृष्ण त्रिपाठी ने प्रकट किया दुःख



**मेजा।** समाजसेवी रामकृष्ण त्रिपाठी ने बहराइच हिंसा में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए दंगे में कथित कट्टर पंथियों द्वारा की गई गोलीबारी में हुई रामगोपाल मिश्रा की मौत को कट्टर पंथियों की एक बड़ी साजिश बताते हुए कहा कि बहराइच घटना न केवल बेहद दुःखद निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि देश के हिंदुओं की धार्मिक आस्था को खुलेआम चुनौती देने के साथ साथ उनकी सनातन धर्म पर एक बड़ा कुठाराघात है जिसे देश का हिंदू समाज किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा।उन्होंने आक्रोशित लहजे में आगे कहा कि मुस्लिम धर्म के किसी भी धार्मिक आयोजन में इस तरह की वारदात कभी नहीं होती है, फिर हिंदुओं के धार्मिक आयोजनों में इन मुस्लिम समुदाय के पत्थर बाजों द्वारा देश और प्रदेश का माहौल क्यों बिगड़ा जा रहा है।श्री त्रिपाठी ने कहा बहराइच दंगा ने पूरे देश के हिंदुओं को हिला कर रख दिया है। श्री त्रिपाठी ने दंगा में शामिल सभी आरोपियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग करते हुए हिंसा में मौत का शिकार हुए रामगोपाल मिश्रा के शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी में ईश्वर से सहन शक्ति प्रदान किए जाने की प्रार्थना किया है।

### पत्रकार राष्ट्रीय महासचिव द्वारा अरैल पार्षद को किया गया सम्मानित



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में पत्रकार विकास कॉउंसिल भारत के राष्ट्रीय महासचिव डीके मिश्र एवं प्रदेश अध्यक्ष महिला बिंग बबिता शर्मा के सानिध्य में अरैल पार्षद सरिता देवी एवं प्रदीप महरा शास्त्री प्रदेश महासचिव हिन्दू वाहिनी को अंगवस्त्र डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में पत्रकार विकास कॉउंसिल के प्रदेश कार्यालय प्रभारी संदीप सिंह, मंडल प्रभारी आशीष मिश्र, अरुणेश त्रिपाठी महोबा संयोजक, बबलू शर्मा, द्वारिका प्रसाद तिवारी तमाम पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

### मंगल भवन अमंगल हारी, द्रबहु सुदशरथ अजिर बिहारी



**जंघई।** प्रभु श्रीराम के गुणों का बखान करने वाली श्रीरामचरितमानस का पाठ अनंत काल से होता चला आ रहा है। जीवन की मंगल कामना के लिए किया जाने वाला यह पाठ अत्यंत ही शुभ फलदायक है। जीवन की किसी भी शुभ शुरूवात के लिए लोग अखंड रामायण का पाठ करवाते हैं।इसी क्रम में धनऊपुर गांव में अखण्ड रामायण पाठ एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिवनाथ मिश्रा, शिवशंकर मिश्रा, भोलानाथ मिश्रा, दिलीप मिश्रा, दीपक मिश्रा, राहुल मिश्रा, शिवम मिश्रा, शुभम मिश्रा, संतोष शुक्ला, अंश, प्रिंस, कार्तिक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### बकरियों के लिए पेड़ पर चढ़ कर टहनियां काट रहे चरवाहे की फिसल कर कुएं में गिरने से मौत



**करछना।** करछना थाना क्षेत्र के सेमरी तालुका पुरवा गाँव के समीप पेड़ के पास खेत में पुराने कुएं में गिरकर 45 वर्षीय रामबाबू जाति चमार पुत्र राम आसरे की दर्द नाक मौत की सूचना से ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गयी! प्राप्त जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय रामबाबू बकरी के चारों के लिए कुएं के पास मौजूद पेड़ पर चढ़कर टहनियाँ काट रहे थे कि अचानक पैर फिसल जाने के कारण नीचे कुएं में गिर गये! और कुएं के नीचे जमीन में ढस गये! जिससे उनकी मौत हो गई! मृतक रामबाबू के साथ उनकी बेटी भी मौजूद थी! जब वह कुएं में गिर गये तो वह घर की ओर चिल्लाते हुए दौड़ पड़ी! चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी और कुएं में झांकने पर दिखाई नहीं दे रहे थे! ग्रामीणों की सूचना पर करछना थाने की पुलिस मौके पर पहुँच कर शव को बाहर निकलवाया! शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया

### महापौर ने महुली में किया फ्यूजन का उद्घाटन



**कोरांव।** महानगर के मेयर गणेश केशरवानी ने कोरांव के महुली बाजार में दिनेश कुमार मौर्या के भवन का फीता काट कर उद्घाटन किया। और लोगों को संबोधित किया। केशरवानी ने कहा कि मेरी सरकार जनहित के कार्य करने में कृत संकल्पित है। लोगों की जन समस्याएं सुनी। पियरी,महुली,देवघाट,कोरांव, रईस चंद्र शुक्ल भाजपा नेता के यहां सिरियारी कार्यक्रम में भी भाग लिया। कार्यक्रम में ओम केशरी अध्यक्ष नगर पंचायत कोरांव, पूर्व प्रधान अजीज अहमद उर्फ अच्छे,सूर्यबली पांडेय,राजकुमार,कमला शंकर मौर्य,राम चंद्र मौर्य,लालजी केसरी,संतोष कुमार सोनी, राजेश सोनी,गिरजा शंकर सोनी,राकेश केशरी,देवदास केशरी, तिरपन दास केशरी, कैलाश केशरी,विकास केशरी,आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## समाज में बेटी सम्पूर्ण परिवार को शिक्षित करती है : न्यायमूर्ति शेखर यादव

**करछना।** यमुनापार करछना तहसील क्षेत्र के डीहा में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि उच्च न्यायमूर्ति डॉ शेखर यादव ने कहा कि समाज में बेटी सम्पूर्ण परिवार को शिक्षित करती है जबकि बेटा अपने तक सीमित रखता है उक्त उद्गार प्रकाश बालिका इंटर कॉलेज में शाम ग्रुप द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डॉ. शेखर यादव ने व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के अध्यक्ष सुरेश तोमर तथा समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष ननकेश बाबू ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा समाज का दर्पण है तथा बिना शिक्षा के विकसित समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। शाम ग्रुप द्वारा आयोजित समारोह में कुल 12 साइकिलों का वितरण किया गया, साथ ही 40 छात्रों को टॉप टेन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, समारोह में आए हुए शिक्षकों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संस्थापक पुष्पेंद्र सिंह, निर्देशक मंगलेश यादव, सह-संस्थापक मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष अतुल यादव ने आये हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा उपस्थित सभी सदस्यों और सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय बाबू, मोहित यादव छात्रसभा, निर्मल सिंह, हिमांशु यादव, कमला शंकर, राजनारायण सिंह, शिव प्रकाश, अखिलेश यादव, संजय, दिलीप आदि उपस्थित रहे।




## मांडा केड़वर गौशाला में पशुओ की समुचित व्यवस्था जिम्मेदारो के भेट चढ़ कागजो में सिमटी, अधिकारी मौन!

अखण्ड भारत सन्देश '

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के विकास खण्ड मांडा के केड़वर गौशाला मे पशुओ की समुचित व्यवस्था जिम्मेदारो के भेट चढ़ कागजो में सिमटी हुई है ' वही सरकार द्वारा भले ही बेसहारा पशुओं को ड्ड सहारा दिए जाने हेतु पशु आश्रय ! स्थलों का निर्माण कराकर उनकी ! समुचित व्यवस्था हेतु पानी की तरह ! पैसा बहा रही है किन्तु धरातलीय हकीकत सरकार की मंशा पर पानी फेर रही है। देखा जा रहा है कि कागज पर जितने पशु सरकारी चारा भूसा खा रहे हैं मौके पर उतने पशु आश्रय स्थलों पर नहीं मिला करते हैं। गांव में पशु आश्रय स्थल होने के बावजूद भी टैग लगे पशु गांव में घूमकर किसानों की फसलों को चट कर रहे हैं। इतना ही नहीं जब कोई ग्रामीण आवारा घूम रहे पशुओं को आश्रय स्थल पर ले जाता है तो ग्राम प्रधान द्वारा ऐसे पशुओं को बाहर का रास्ता दिखाकर पशु ले जाने वालों को धमकियां दी जाती हैं। जी हां बात हो रही है तहसील क्षेत्र कोरांव के केड़वर पशु आश्रय स्थल की जहां पर जिम्मेदार द्वारा पशु को बाहर किए जाने के साथ आश्रय स्थल पर पशु पहुंचाने वाले को मारने हेतु हमलावर देखा गया। मामले को लेकर स्थानीय चर्चित सपा नेता प्रमोद मिश्र पयासी ने कहा कि गौशाला के नाम पर जिम्मेदारों द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। चारा भूसा पानी के नाम पर जहां सरकार की आंख में धूल झोंक भारी भरकम धनराशि की बंदरबांट की जा रही है वहीं पशु चारा पानी व दवा के अभाव में दम तोड़ रहे हैं। पयासी ने खंड विकास अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी सहित ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त लोगों के लिए गौशाला महज काली कमाई का जरिया है। इतना ही नहीं प्रमोद पयासी ने कहा कि मेरे द्वारा इतनी शिकायत इतने प्रमाण देने के बाद भी दोषियों पर कार्यवाही नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। एसडीएम द्वारा भी नायब को नोडल बनाना, राजस्व निरीक्षकों से रिपोर्ट लेना महज औपचारिकता ही बनकर रह गई। पयासी ने कहा कि जल्द ही संबंधित गांवों से लोगों को लेकर जिलाधिकारी प्रयागराज से मिलूंगा और संबधित कर्मचारियों अधिकारियों की पोल खोलकर उनके सामने रखूंगा। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण कर चुप्पी साध बैठे हुए है '



# दिव्यांगों की समस्याओं के निराकरण एवं सहायता के लिए हम हर समय हैं उपलब्ध : जिलाधिकारी

**जिलाधिकारी ने गुरूवार को 26 वर्षीय दिव्यांग अभिषेक मिश्रा की तत्काल सहायता करते हुए अन्त्योदय राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया तथा सोलर लाइट, शौचालय सहित अन्य अनुमन्य सुविधाओं से लाभान्वित कराये जाने के लिए किया निर्देशित, जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी रहें दिव्यांगों के प्रति संवेदनशील और उनसे संबंधित कार्यो को दें प्राथमिकता एवं हरसंभव करें उनकी मदद**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने गुरूवार को ग्रामसभा -भवानीपुर, तिसेनतुलापुर, ब्लाक- माण्डा, तहसील-मेजा निवासी 26 वर्षीय दिव्यांग अभिषेक मिश्रा पुत्र दिनेश कुमार मिश्रा को अन्त्योदय राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया और दिव्यांग अभिषेक के परिवार को शौचालय, सोलर लाइट सहित अन्य अनुमन्य सुविधाओं से लाभान्वित कराये जाने के लिए संबंधित को निर्देशित किया है ।




जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि यदि किसी भी दिव्यांग को इस प्रकार की कोई समस्या हो तो वह उनसे मिलकर बता सकता है, वह उनके लिए हर समय उपलब्ध हैं साथ ही साथ सभी अधिकारियों को दिव्यांगों के प्रति संवेदनशील रहने व इनसे संबंधित कार्यो को प्राथमिकता पर करने के लिए निर्देशित भी किया है । जिलाधिकारी से जनता दर्शन के समय दिव्यांग अभिषेक मिश्र ने 08 अक्तूबर को उन्हें प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि वह आंखों से 100 प्रतिशत दिव्यांग हैं और कुछ भी दिखायी नहीं देता है । वह आयुष्मान व अन्त्योदय राशन कार्ड की पात्रता श्रेणी में आते हैं फिर भी उनका अभी तक आयुष्मान व अंत्योदय राशन कार्ड नहीं बन पाया है, वह दो साल से परेशान हैं और कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है जिसपर जिलाधिकारी ने उन्हें आयुष्मान व अन्त्योदय राशन कार्ड व अन्य अनुमन्य सुविधाए भी उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया था जिसके क्रम में उन्होंने आज उक्त कार्ड उपलब्ध कराया।

## दो अलग अलग गांवों में मार पीट तोड फोड मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के दो अलग अलग गांवों में मार पीट तोड फोड पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कहली निवासनीय कंचन देवी पत्नी त्रिभवन नाथ का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर उसके घर में एक युवक घुस कर मारा पीटा तोड़फोड़ की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने कंचन देवी की तहरीर पर सुनील कुमार सोनी पुत्र राम सजीवन छेदी का पुरवा फूलपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।उधर ग्राम कटरादयाराम निवासी मोहम्मद इलियास पुत्र मोहम्मद फारूक का आरोप है कि अनायास उसे मारा पीटा गया। पुलिस ने प्रवीण कुमार, अतुल कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## इरफान सोलंकी को झटका : चुनावी बिगुल के बीच अपीलों पर फिर टली सुनवाई, अब छह नवंबर को होगी बहस

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट से सीसामऊ विधानसभा से विधायक रहें इरफान सोलंकी का तगड़ा झटका लगा है। जाजमऊ के अगजनी कांड में मिली सजा को लेकर दाखिल अपीलों पर बृहस्पतिवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब सुनवाई छह नवंबर को होगी। वहीं, उपचुनाव का बिगुल फूंक चुका है। खाली हुई विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी ने उनकी पत्नी नसीम सोलंकी को प्रत्याशी बनाया है।मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह प्रथम की अदालत कर रही है। बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान सरकारी पक्ष की ओर से बताया गया कि अपर महाधिवक्ता पीसी श्रीवास्तव ने पद से इस्तीफा दे दिया है। अब तक वह मामले में सरकार का पक्ष रख रहे थे। लिहजा, पक्ष रखने के लिए सरकार को समय की जरूरत है।गौरतलब है कि जाजमऊ थाना क्षेत्र के डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में कानपुर नगर की एमपी/एमएलए की विशेष अदालत ने इरफान , उसके भाई रिजवान समेत दस को सात साल कारावास की सजा सुनाई थी। सजा को रद्द करने की मांग के साथ इरफान और रिजवान ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। वहीं, प्रदेश सरकार ने सात साल की सजा की नाकाफी बताते हुए उम्रकैद की मांग की है। हाईकोर्ट ने इरफान और सरकार की अपीलों पर एकसाथ सुनवाई चल रही है। इरफान की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल चतुर्वेदी और उपेंद्र उपाध्याय बहस कर रहे है, जबकि सरकार की तरफ से अपर महाधिवक्ता पीसी श्रीवास्तव और एजीए प्रथम जेके उपाध्याय पक्ष रख रहे है।पत्नी नसीम का चुनाव प्रचार नहीं कर सकेंगे इरफान बृहस्पतिवार को होने वाली सुनवाई टलने के बाद साफ है कि इरफान सोलंकी सीसामऊ विधानसभा के उपचुनाव में अपनी पत्नी व सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी का चुनाव प्रचार नहीं कर सकेंगे। इरफान को सजा सुनाये जाने के बाद कानपुर के सीसामऊ की विधान सभा की सीट खाली हुई है। समाजवादी पार्टी ने इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। अगर हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट से मिली सजा पर रोक लगा दी होती तो उनकी सदस्यता बच जाती। लेकिन अब तक जमानत भी नहीं मिल सकी है। उधर, उपचुनाव का बिगुल भी फूंक चुका है।

## न्यूज झरोखा

### नैनी में महाविद्यालय में महर्षि वाल्मीकि जयंती का आयोजन

**नैनी।** नैनी गुरुवार को हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर सुरेश जैन की अध्यक्षता में अत्यंत धूमधाम से महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई गई।



रामायण के रचयिता आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जीवनी पर उपस्थित वक्ताओं ने प्रकाश डाला। एक लुटेरे से महर्षि बनने तक की कथा सुनाकर महर्षि वाल्मीकि के जीवन में आए परिवर्तन से समाज को सीख लेने की प्रेरणा दी और बताया कि महर्षि वाल्मीकि के जीवन से समाज शिक्षा ग्रहण कर सद्मार्ग के रास्ते पर चल सकता है। इसीलिए ऐसी जयंतियों का आयोजन सर्वथा सार्थक है।कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग की डॉ अनुभा श्रीवास्तव, समाजशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ धीरेंद्र सिंह और पुस्तकालय विज्ञान के डॉ अजय मिश्रा उपस्थित रहे।

### नैनी पुलिस व एसओजी की टीम ने तीन अभियुक्त को किया गिरफ्तार

#### पुलिस ने नशीली इंजेक्शन के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी पुलिस व एसओजी यमुनानगर की संयुक्त टीम को अच्छी सफलता हाथ लगी उसने लगभग 122 नशीली इंजेक्शन व 102 एविल इंजेक्शन 27 डिस्पोजल सीरेंज एक हजार दस रुपये



तीन मोबाइल फोन घटना में प्रयुक्त स्कूटी के साथ तीन लोगो गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक नैनी वैभव सिंह के कुशल नेतृत्व उप निरीक्षक राहुल कुमार सिंह एवं एसओजी प्रभारी निरीक्षक यमुनानगर नवीन सिंह अपने टीम के साथ क्षेत्र में बने हुए थे तभी मुखबीर की खास सूचना पर नैनी के इंदलपुर कब्रिस्तान के पास तीन युवक संदिग्ध लग रहे हैं नैनी पुलिस व एसओजी की टीम मौके पर पहुंच कर तीनों युवक को पकड़ कर तलाशी लिए तो नशीली इंजेक्शन के साथ अभियुक्त दीप चन्द्र पुत्र स्व कन्हइया लाल प्रीतमनगर धूमनगंज व आमिर खान पुत्र स्व सगीर खान व शाहरुख खान पुत्र स्व ग्राम सगीर मछली गेट चाका नैनी को गिरफ्तार किया। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधीक कार्यवाही की गई। पूछताछ में उन्होंने बताया कि हम लोग अपना खर्च व शान शौकत के कारण इस तरह का अवैध काम करते थे यह जो रुपये बरामद हुए वह विक्री के है। जिनके बाद आगे की विधीक कार्यवाही की गई।

### जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन दिया गया

**प्रयागराज।** इंदिरा गांधी इंटरमीडिएट कॉलेज जाम्हा प्रयागराज के प्रबंधक द्वारा किए गए निलंबन बहाल करने के लिए शिक्षिका बहन के प्रति मंडल मंत्री लक्ष्मी नारायण सिंह तथा प्रदेश आयव्यय



निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह एवं जिला मंत्री देवराज सिंह अशोक कुमार सिंह संगठन के सम्मानित शिक्षक साथियों की उपस्थिति में ज्ञापन दिया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जल्द ही कृष्णा कुमारी का वेतन रिलीज कर दिया जाएगा तथा उनके साथ न्याय होगा

### नैनी आईटीआई के दशहरे में उमड़ी भीड़, रामदल का पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र स्थित आईटीआई का गुरुवार को सजधज के साथ राम दल निकला। रामदल शोभायात्रा के साथ आधा दर्जन से अधिक कलात्मक चौकियां लोगों में आकर्षण का केंद्र रही। नव युवक रोशनी कमेटी



आईटीआई कंपनी, हनुमान मंदिर के पदाधिकारी श्याम प्रसाद साहू, सुशील केसरवानी, रोहित तिवारी, शिव प्रताप सिंह, अनिल साहू, करन साहू, रमन सोनकर, सौरभ केसरवानी, अभिजीत सोनी, राकेश साहू, विनोद प्रजापति, संजय सिंह, विक्की, अर्जुन साहू, प्रिन्स साहू, चमन सोनकर, निखिल साहू, भीम साहू ने रामदल पर पुष्प वर्षा करने के साथ ही कई आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन कराया। श्री बाल रामलीला कमेटी ट्रस्ट, आईटीआई महुवारी की ओर से निकाले गए रामदल में अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, संरक्षक डॉ. प्रशांत सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलाकांत सिंह, महामंत्री अनिल सिंह, मंत्री प्रेम शंकर पार्षद, मंत्री धर्मेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह, कोषाध्यक्ष तीर्थराज सिंह, आडिटर सतीश साहू, डायरेक्टर रमाशंकर सिंह, उपकोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष मनोज भारतीया, उपाध्यक्ष रोहित तिवारी, मीडिया प्रभारी पत्रकार सुनील गिरी, व्यवस्थापक सर्वेश सिंह, मेला प्रभारी मनोज सिंह, उप मेला प्रभारी ज्ञान सिंह, चंद्रदेव सिंह का लोगो ने माला पहनाकर स्वागत किया। वही पत्रकार सुनील गिरी ने बताया कि यहां का दशहरा बरसों पुराना परंपरा चला आ रहा है। रामदल महुवारी से उठकर आईटीआई होते हुए सड़वा पावर हाउस हाउस होते हुए पुनः आईटीआई और महुवारी जाकर समाप्त हुई।

## मुकेश शुक्ला को पुनःउत्तर प्रदेश वॉलीबाल टीम चयनकर्ता की सौंपी गई कमान

**मेजा।** जिला वॉलीबाल संघ के वरिष्ठ खिलाड़ी मुकेश शुक्ला को इस बार फिर उत्तर प्रदेश स्कूल वॉलीबाल टीम का सलेक्टर (चयनकर्ता) बनाया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला वॉलीबाल संघ,प्रयागराज के संरक्षक श्यामकांत शुक्ला उर्फ लहरी भैया ने बताया कि वर्तमान में मुकेश शुक्ला बेसिक शिक्षा विभाग के उच्च प्राथमिक विद्यालय मेजारोड में कार्यरत है। जिन्हें इस वर्ष पुनः शिक्षा विभाग व राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान द्वारा 15 से 19 अक्टूबर 2024 तक बरेली जनपद में आयोजित 68वीं प्रदेशीय विद्यालयीय बालक व बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता के दौरान अच्छे खेल प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों के चयन हेतु चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। मुकेश शुक्ला को प्राचार्य राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान अयोध्या द्वारा उत्तर प्रदेश स्कूल टीम का सलेक्टर नियुक्त किया गया है। इनके द्वारा चयनित उत्तर प्रदेश की वॉलीबाल टीम इस वर्ष स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित स्कूल नेशनल वॉलीबाल चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करेंगी। मुकेश शुक्ला को उत्तर प्रदेश



स्कूल वॉलीबाल टीम का चयनकर्ता नियुक्त किये जाने पर राष्ट्रीय खेल उत्थान परिषद प्रयागराज की ओर से प्रो.पीके पचौरी, डॉ.जय प्रकाश शर्मा (खो-खो सचिव), पी.के.पांडेय (कबड्डी सचिव), प्रभात राय (वॉलीबाल अध्यक्ष), योगेंद्र सिंह (प्रधानाचार्य के.पी.इंटर कॉलेज), रामाश्रय राय, के.पी.सिंह, आर. पी.राय, अल्ताफ अली, सुरेंद्र बाबू मिश्रा,के.बी.एल.श्रीवास्तव, प्रभाकर चौबे, विजया सिंह, रामस्नेही शुक्ला, सुभाष चंद्र, सत्यम तिवारी, कुशलकांत मिश्रा, राजितराम शुक्ला, संतोष भास्कर, बफीर्लाल यादव, विकास बाल्मीकि, हरिकेश कुमार, उबैद रहमान, निहारिका यादव, हिमांशु विश्वकर्मा, असफाक अहमद, बाबा गिरी, विक्की तिवारी, मंटू तिवारी आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### राम के राज्याभिषेक के साथ नेदुला की रामलीला संपन्न

**जंघई।** श्री रामलीला समिति नेदुला की छः दिवसीय रामलीला मंगलवार रात्रि में भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ संपन्न हो गई। इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में प्रतिदिन की भिन्न-भिन्न लीलाओं ने दर्शकों का मन मोह लिया। अंतिम दिन विभीषण शरणागति, अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, कालनेमी वध, राम-रावण युद्ध तथा रावण वध की दिव्य प्रस्तुतियाँ मंच पर जीवंत हो उठीं। समापन के अवसर पर राम राज्याभिषेक की आनंदमयी धूमधाम ने वातावरण को उल्लास से भर दिया। यह रामलीला समिति की 59वीं वर्षगांठ थी, जो लगातार इस महान धार्मिक परंपरा को निभाती आ रही है। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेंद्र नाथ पांडेय, संरक्षक हरि नाथ पांडेय एवं सुभाष चंद्र पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश पांडेय, उपाध्यक्ष भास्कर पांडेय, महासचिव रविंद्र नाथ पांडेय, सचिव मथुरेश पांडेय, कोषाध्यक्ष शिवनारायण पांडेय की महत्वपूर्ण भूमिका ने इस आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। पं.गंगा प्रसाद के व्यासपीठ पर उपस्थित होने से आयोजन में गरिमा और दिव्यता का संचार हुआ।इस अवसर पर प्रचार मंत्री दीपक पांडेय, गणेश पांडेय, अखिलेश पांडेय, एडवोकेट प्रभाकर पांडेय, नितेश पाण्डेय, राजेश दुबे टीटी, राजपति विश्वकर्मा, विनय पांडेय, सूरज पांडेय, रितेश पांडेय आदि रहे।

## इलाहाबाद विश्वविद्यालय की तिजोरी को लेकर हंगामा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय के सेंट्रल लाइब्रेरी में स्थित वर्षों पुरानी तिजोरी खोलने को लेकर विवाद शुरू हो गया। आज दूसरे दिन गुरुवार को जब विश्वविद्यालय प्रशासन तिजोरी का ताला कटवाने का प्रयास शुरू किया तो कुछ छात्रनेता विरोध करते हुए लाइब्रेरी गेट पर पहुंच गए लेकिन पुलिस उन्हें अंदर जाने से रोक दी। दोपहर बाद लॉकर का ताला खुला और उसमें कुछ प्राचीन सिक्के आदि मिले।ठरवक के छात्र नेता सत्यम कुशवाहा व आयुष प्रियदर्शी अपने साथ मिट्टी का घड़ा लेकर आये थे, जिस पर लिखा था 'पाप का घड़ा'। वह वहीं पर उसे फोड़ना चाहते थे लेकिन पुलिस उन्हें रोक रही थी, धक्का मुक्की के बीच छात्रों ने घड़ा गेट पर फोड़ दिया। बताया जा रहा कि इस तिजोरी में वर्षों पुराने सिक्के आदि संरक्षित किये गए हैं। विश्वविद्यालय के चीफ प्रोफेसर डॉ राकेश सिंह ने कहा कि यह विश्वविद्यालय की संपत्ति है और इसे विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी से निकलकर इसको प्राचीन इतिहास विभाग में रखा जाना है। इसको लेकर बेवजह कुछ छात्र विवाद कर रहे हैं।

### PRO बोलीं, लॉकर से निकले प्राचीन सिक्के व अभिलेख

इलाहाबाद विश्वविद्यालय की पीआरओ जया कपूर ने बताया कि लॉकर से पुरातात्विक महत्व की वस्तुओं को निकाला गया। कुलपति द्वारा नियुक्त उच्च स्तरीय समिति के समक्ष लॉकर खोला गया तथा उसमें रखी हुई पुरातात्विक धरोहरों की सूची तैयार की गई। अलमारी में पुरातात्विक खुदाईयों से प्राप्त विभिन्न शासकों के काल की विभिन्न धातुओं के सिक्के मिले।इसके अलावा एक शाही फरमान जो पर्शियन भाषा में लिखा गया है। इसके अलावा ताम्रपत्र पर अंकित पाली भाषा में विनय पिटक भी निकला है। उन्होंने बताया कि इन वस्तुओं को इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संग्रहालय में रखा जाएगा जो शोधार्थियों के लिए शोध सामग्री के रूप में उपयोग में आएगा । उच्च स्तरीय समिति के समक्ष समस्त धरोहर सील लगाकर लॉकर में पुनः रख दी गई है तथा उसे विशेषज्ञों द्वारा विवरण सहित तैयार करके संग्रहालय की योजना को मूर्त रूप दिया जाएगा।

## डॉ. सोनेलाल पटेल का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया

**उतरांव।** अपना दल के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल का परिनिर्वाण दिवस गुरुवार कों ब्लाक धनूपुर के अनर्गत शिव मंदिर दमगढ़ा गांव में मनाया गया। परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि जय कुमार सिंह विधायक बिंदकी फतेहपुर एवं पूर्व करागार मंत्री उत्तरप्रदेश रहे।मुख्य अतिथि व उपस्थित सभी लोगों ने यशः कायी डॉ. सोनेलाल पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यअतिथि ने कहा किसान मजदूरों गरीबों की लड़ाई लड़ने वाले और न्याय दिलाने वाले महापुरुष डॉ. सोनेलाल पटेल का का सपना अपना दल एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल आज पूरा कर रही है। अपना दल एस विधानसभा व लोकसभा में मिलकर सरकार बनाई है।अपना दल पार्टी के नीव रखने वाले डॉ. सोनेलाल पटेल का परिनिर्वाण दिवस आज पूरा प्रदेश और देश मना रहा है। अपना दल एस के कार्यकर्त्ता सच्चे सिपाही है। दिनरात पार्टी के प्रति मेहनत करते है।परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम में आये हुए सभी कार्यकर्त्ता व पदाधिकारियों



का आभार जताया। कार्यक्रम में उपस्थित सैदाबाद ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह पटेल, धनूपुर ब्लाक प्रमुख ज्योति यादव, गंगापार जिलाध्यक्ष भानुप्रताप पटेल, दुर्गा प्रसाद, श्यामराज, धर्मराज, बी डी गौड़, कृष्णकांत, फलराज,श्यामसुन्दर गुप्ता, अनिल पटेल, विनोद मौर्या,अचल पटेल, जगत पटेल आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में श्रीपुर गांव निवासी अपना दल एस के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता विधाधारी पटेल का कई महीने से गंभीर बीमारी के चलते अस्वस्थ्य चल रहे है। परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम में व्हीलचेयर पे बैठकर आये। उपस्थित सभी लोगों कों देख आँसू नहीं रोक पाये। बतौर मुख्य अतिथि व उपस्थित सभी लोगों ने वरिष्ठ कार्यकर्त्ता विधाधारी पटेल का स्वगात किया। हर सम्भव मदद करने का अस्वशन दिया।

## खाना बनाते समय निकाला गैस सिलेंडर का पाइप लगी आग, मची अफरा-तफरी

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के आवास विकास कालोनी योजना तीन के सेक्टर तीन में बृहस्पतिवार की सुबह गैस सिलिंडर की पाइप निकलने से भीषण आग लग गई। दो मंजिले मकान के निचले हिस्से में भीषण आग लग गई थी। हादसे में हजारों रुपये का नुकसान हो गया। सूचना पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और कुछ देर की मशक्कत के बाद आग की लपटों पर काबू पाया। हादसे के कारण मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। सेक्टर तीन निवासी सुशील विश्वकर्मा कालोनी के मुख्य मार्ग पर ठेले पर बिरयानी की दुकान लगाता है। बृहस्पतिवार की सुबह तकरीबन सात बजे वह दुकान लगाने की तैयारी कर रहा था। इस दौरान मकान के निचले हिस्से में वह गैस सिलिंडर और चूल्हे पर बिरयानी का सामान तैयार कर रहा था। तभी गैस सिलिंडर की पाइप अचानक निकल गई। इससे अचानक आग लग गई। आग लगने से घर के भीतर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और भारी मशक्कत के बाद आग की लपटों पर काबू पाया। हादसे में तकरीबन 50 हजार रुपये के घरेलू सामान जलकर राख हो गया था। मौके पर लोग भी जुट गए थे।

### भगवान राम ने जन्म लेते ही माता कौशल्या को अपना चतुर्भुज रूप दिखाया

**नैनी।** नैनी छिवकी स्टेशन रोड पर जन सेवा समिति रामलीला में श्री राम जन्म की लीला का अत्यंत सुंदर मंचन हुआ। पुत्रकामेष्टि यज्ञ के फल स्वरुप अग्नि देव द्वारा प्राप्त खीर प्रसाद को महाराज दशरथ की तीनों रानियां ग्रहण करती हैं। माता कौशल्या श्री राम को, माता कैकई भरत को एवं माता सुमित्रा लक्ष्मण तथा शत्रुघ्न को जन्म देती है। व्यास जी भजन गाते हैं, भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी। हर्षित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप निहारी। महाराज दशरथ प्रसन्न होकर प्रजा जनों में अन्न, धन, मोती, माणिक्य, हाथी, घोड़े दान करते हैं। रामलीला स्थल पर जय श्री राम के जयकारे गूंजने लगते हैं। रामलीला में प्रमुख रूप से हरिशंकर सिंह, आर एल डी दुबे, रामजीत सिंह, बजरंगी लाल, विशाल श्रीवास्तव, संतोष सिंह, रवि सिंह, विनय सिंह, मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला, सत्येन्द्र सोनकर, सनी केसरवानी, अनिल चौधरी, दयाशंकर तिवारी, शशि सिंह, दिनेश सिंह, हरि बाबू सिंह, सिलवंत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## जन सेवा समिति रामलीला में मुनि आगमन ताड़का वध का मंचन हुआ



**नैनी।** नैनी छिवकी स्टेशन रोड पर जन सेवा समिति रामलीला में मुनि आगमन, ताड़का वध एवं अहिल्या उद्धार की लीला का अत्यंत हृदय स्पर्शी मंचन हुआ। महर्षि विश्वामित्र यज्ञ की राक्षसों से रक्षा के लिए महाराज दशरथ से राम लक्ष्मण की याचना करते हैं। महाराज दशरथ पहले तो तैयार नहीं होते किंतु गुरु वशिष्ट के समझाने पर राम लक्ष्मण को महर्षि विश्वामित्र को सौंप देते हैं। वन मार्ग में ऋषियों की अस्थियों के ढेर देख कर राम द्रवित हो जाते हैं और अपनी भुजा उठाकर प्रण करते हैं कि मैं कि मैं इस धरा को राक्षस विहीन कर दूंगा। तभी सामने राक्षसी ताड़का आ जाती है, राम एक ही बाण से उसका वध कर देते हैं। फिर राम चुन-चुन कर आतंकी राक्षसों का नाश करते हैं। गुरु विश्वामित्र के आग्रह पर राम शिला रूपी अहिल्या का उद्धार करते हैं। अहिल्या राम से प्रार्थना करती है कि उसका मन सदैव श्री राम के चरणों में लगा रहे। रामलीला में प्रमुख रूप से आर एल डी दुबे, विनय सिंह, हरि शंकर सिंह, मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला, दया शंकर तिवारी, संतोष सिंह, रवि सिंह, सर्वेश सिंह, सुरेंद्र यादव, पंकज सिंह, सनी केसरवानी, बजरंगी लाल, विशाल श्रीवास्तव, सिलवंत सिंह, सत्येन्द्र सोनकर हरि बाबू अनिल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### मेजाखास की रामलीला में मुनि आगमन और ताड़का वध का मंचन देख भावविभोर हुए दर्शक

**मेजा।** मेजाखास की संचालित रामलीला में तीसरे दिन मुनि आगमन और ताड़का वध का मनोहारी एवं अलौकिक मंचन देख दर्शक भावविभोर हो गए। ताड़का वध होते ही दर्शकों द्वारा जय श्रीराम के जयकारे लगाए गए। महर्षि विश्वामित्र राजा दशरथ से यज्ञ की रक्षा के लिए श्रीराम और लक्ष्मण को मांगने उनके महल पहुंचे। दशरथ के मना करने तथा वशिष्ठ मुनि के समझाने पर राजा दशरथ ने राम और लक्ष्मण को महर्षि विश्वामित्र को देने के लिए तैयार हुए। भगवान राम रास्ते में ही ताड़का नाम की राक्षसी का वध करते हैं। ताड़का का वध करते ही रामलीला मैदान जय श्रीराम के नारे से गूंज उठा। भगवान श्रीराम ने प्रण किया कि



पृथ्वी को असुरों से विहीन कर दूंगा। रामलीला कमेटी अध्यक्ष मनीष गुप्ता व डायरेक्टर तौलन प्रसाद के मार्गदर्शन में लालजी मिश्र, सुधीर गुप्ता, राहुल मिश्र, सुनील शर्मा, धीरज मिश्र, श्याम बहादुर, कैलाश शर्मा सहित अन्य कलाकारों ने अपनी सराहनीय भूमिका निभाई।

# ....इन्कलाब का बिगुल बजाकर गोरों को ललकारा था

## एंजिल्स इंटर कालेज में हुई कवि सम्मेलन में कवियों ने बिखेरे अपने प्रतिभा के गीत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एन्जिल्स साहित्यिक संस्था द्वारा एन्जिल्स स्कूल के सभागार में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन डॉ शाहिदा चेयरपर्सन न्यू एन्जिल्स सी से स्कूल के संयोजकत्व में किया गया। इस ख़ूबसूरत शाम को अपने गीतों, ग़ज़लों और कविताओं से सजाने के लिये चेयरपर्सन ने चमकते सितारों से महफ़िल सजाई।

कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ संगमलाल त्रिपाठी भंवर, मुख्य अतिथि डॉ दयाराम मौर्य, विशिष्ट अतिथि लोकेश कुमार शुक्ला और अति विशिष्ट अतिथिगण राम सेवक त्रिपाठी, डॉ आफ़ताब जौनपुरी और मो. अनाम ने मंच की शोभा बढ़ाई। डॉ श्याम शंकर शुक्ल श्याम के संचालन ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती जी के माल्यार्पण से हुआ। शीतला सुजान की वाणी वन्दना से वातावरण पवित्र हो गया। प्रधानाचार्य बी के सोनी और आर.के.सिंह ने सभी को माला पहनाकर स्वागत किया। कवि शीतला सुजान ने कन्या भ्रूण हत्या पर मत मारो मैया, मुझको भी जन्म दे दो गीत सुनाकर सबकी आंखें नम कर दी। राधेश्याम दीवाना ने प्रणाम बुद्धा हमार लै ले पंचशील का हमें वरदान हमें दै दे सुनाकर बुद्धम शरणम् गच्छामि का संदेश दिया। ओमप्रकाश पंक्षी ने वर दे मां सरस्वती, तन शंकर हो मन पार्वती, प्रेम कुमार वीर रस में इन्कलाब का बिगुल बजाकर गोरों को ललकारा था, सुनाकर सबको रोमांचित कर दिया।

जीवन आफ़ताब जौनपुरी ने मेरी प्यारी जुबां सबकी जुबां, हिन्दी जुबां हिन्दी भाषा के विकास पर ज़ोर दिया। फैयाज परवाना ने पुष्प मेरे सजे अर्चना के लिये। आलम आज़ाद ने ग़ज़ल कुछ इस तरह सुनाई ये रंज के आंसू हैं या जज्बात के आंसू है। इस मौके पर चंद्रकान्त, अनूप अनुपम, अनिल निलय, फैयाज परवाना, राजेश प्रतापगढ़ी, राम सेवक त्रिपाठी ने भी अपनी गजलें गाकर लोगों का मन मोहा। डॉ दयाराम मौर्य नववर्ष में उत्कर्ष हो, अब नहीं संघर्ष हो सुनाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। पूर्व निदेशक आकाशवाणी इलाहाबाद लोकेश शुक्ल ने खूबसूरत आवाज़ में खूबसूरत ग़ज़ल सुनाई। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी अध्यापक अध्यापिकाएं, डॉ पीयूष कान्त शर्मा, आनंद मोहन ओझा, राजेश कुमार मिश्रा, समाज सेवी पूनम त्रिपाठी, दीपाली श्रीवास्तव, उदयभान सिंह, विनोद मिश्रा एवं पत्रकार शैलेन्द्र मिश्रा, कृष्णानंद त्रिपाठी आदि ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। चेयरपर्सन डॉ शाहिदा ने सभी कवियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सबका आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम समापन की घोषणा की।



एंजिल्स इंटर कालेज में काव्य गोष्ठी में उपस्थित कविगण।

# अपूर्व मिश्र का सहायक भविष्य निधि आयुक्त पद पर हुआ चयन, खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जनपद के पूरे वीरबल ढिगवस निवासी अपूर्व मिश्र के सहायक भविष्य निधि आयुक्त पद पर चयन होने को लेकर लोगों ने खुशी जतायी है।

बचपन से ही मेधावी रहे अपूर्व मिश्र पुत्र स्व. संजय मिश्र ने सहायक भविष्य निधि आयुक्त पद संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित ईपीएफओ परीक्षा में सफलता प्राप्त कर हासिल की है। अपूर्व की प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय स्कूल तथा सरस्वती इण्टर कालेज लालगंज में हुई। इसके बाद उन्होंनें बीकॉम व एमबीए किया। अपूर्व ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां आशा देवी तथा गुरूजनों को दिया है। सहायक भविष्य निधि आयुक्त पद पर अपूर्व के चयन होने से परिवार के लोग गदगद हैं। वहीं इलाके के लोगों ने इसे जनपद के लिए गौरवपूर्ण कहा है। वहीं मेधावी अपूर्व की सफलता को लेकर सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज के निदेशक आचार्य रामअवधेश मिश्र, प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र, हर्षद शुक्ल, केशवराम ओझा, उमेश पाल मिश्र आदि शिक्षकों ने भी खुशी जताते हुए कहा कि इससे विद्यालय का मान और बढ़ा है। वहीं अपूर्व की सफलता पर आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, तपन पाण्डेय, सुशील मिश्र, विन्देश्वरी प्रसाद मिश्र, धीरज मिश्र, पंकज मिश्र आदि ने खुशी जतायी है।

### गोदाम के बाहर खड़ी ट्रक को उठा ले गये चोर

**प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात अंतर्गत भुपियामऊ रेलवे क्रासिंग के पास दहिलामऊ शुकुलपुर निवासी बीएसएनएल के ठेकेदार अनिल तिवारी गोदाम बना रखे हैं। बुधवार की रात गोदाम के बाहर उनकी एक ट्रक चोरों ने गायब कर दी। ट्रक पर करोड़ो रूपये कीमत की मशीन लदी थी। ठेकेदार ने घटना की तहरीर थाने में दी है।

# जनता की तकलीफों व समस्याओं के निदान में कार्यकर्ता संघर्ष के लिए रहें तैयार : डॉ. नीरज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मंहगाई तथा बेरोजगारी व बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर गुरूवार को कांग्रेसियों ने संघर्ष छेड़े जाने की हुंकार भरी। सांगीपुर में ब्लाक कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक में पार्टी के संगठन की मजबूती के साथ भाजपा सरकार की खामियों को लेकर संघर्ष की रूपरेखा पर मंथन हुआ।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि सरकार किसानों तथा नौजवानों की मूलभूत समस्याओं से ध्यान बंटाने के लिए संविधान तथा विपक्ष पर हमलावर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी की नीतियों को मजबूत बनाने के लिए वह गांव गांव संपर्क तथा संवाद अभियान को प्रभावी बनाने में जुटें। बैठक में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के नेतृत्व में जनता की तकलीफों तथा समस्याओं के निदान के लिए जनसंपर्क अभियान शुरू करने का लगाते हुए सांकेतिक प्रदर्शन भी किया। बैठक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. वीके सिंह, सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल, रामरतन

### सांगीपुर में ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक में संगठनात्मक मजबूती पर हुआ मंथन

संकल्प जताया। सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस में सभी वगी व धमी के लोगों का मान सम्मान सदैव सुरक्षित रहा है।

सांगीपुर ब्लाक प्रभारी सुधाकर पाण्डेय ने संगठन के विस्तारीकरण पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख दृगपाल यादव तथा संचालन पूर्व प्रमुख रामकृपाल पासी ने किया। बैठक के बाद कार्यकर्ताओं ने मंहगाई तथा अराजकता के खिलाफ सरकार विरोधी नारे तिवारी, राजेन्द्र वर्मा, डॉ. अमिताभ शुक्ल, लल्लन सिंह, अशोकधर द्विवेदी, रामबोध शुक्ला, अनिल तिवारी, मुन्ना शुक्ला, राजू मिश्र, रोहित सिंह ने भी संबोधित कर पार्टी की नीतियों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विकास मिश्र, जगदीश मिश्र, राजकुमार तिवारी, संतबक्श पटेल, प्रदीप वर्मा, शिवकुमार साहू, राममनोहर सरोज, संदीप यादव, प्रशांत त्रिपाठी, अजय विश्वकर्मा, सर्वेश पाण्डेय, धर्मेन्द्र सिंह, दिलीप विश्वकर्मा, बृजेश मिश्र, दुष्यंत प्रताप सिंह आदि रहे।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, न्याय के लिए भटक रही पीड़िता

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म की घटना में कार्रवाई न होने से पीड़िता न्याय के लिए भटक रही है। रायबरेली जनपद के ऊँचाहार थानान्तर्गत एक गांव की पीड़ित युवती का कहना है कि वह बीते वर्ष कामकाज के सिलसिले में मुम्बई गयी थी। वहां लालगंज कोतवाली के एक गांव निवासी एक युवक से उसकी जान पहचान हो गयी। आरोप है कि युवक शादी का झांसा देकर उसके साथ कई माह तक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी पीड़िता को लेकर वापस लौटा लेकिन अचानक उसे छोड़कर भाग निकला। पीडिता ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। कार्रवाई न होने से परेशान पीड़िता न्याय के लिए भटक रही है। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि मामला संज्ञान में नही है। तहरीर मिलने पर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# सौ मीटर दौड़ में मो0 साबिर व ऊंची कूद में शादान रहे अव्वल

## जीआईसी में आयोजित हुई विद्यालय स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व और प्रधानाध्यापक जी आई सी कुलश्रेष्ठ तिवारी, जनपदीय विद्यालयीय क्रीड़ा सचिव आवाद अहमद, जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षिका मंजू सिंह, जिला स्काउट मास्टर सुशील सिंह दिनेश पांडे की अगुवाई में जीआईसी ग्राउंड में आयोजित विद्यालय स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता में जिले के सभी विद्यालय की बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कबूतर और गुब्बारे उड़ा कर किए, जिसमें 100 मीटर बालक सब जूनियर में मो साबिर गौरा रानीगंज से प्रथम, शादान द्वितीय, स्नेहल सडवा चंद्रिका तृतीय बालिका ने अरुणिमा पाल प्रथम, नैना सरोज द्वितीय वार्षिका तृतीय, बालक ऊंची कूद में शादान प्रथम, आदित्य द्वितीय, आकाश तृतीय, बालिका ऊंची कूद में भावना प्रथम, रौनक द्वितीय, साधना तृतीय रहे। समापन के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र मौर्य रहे जिन्होंने खिलाड़ियों को विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया तथा मंडलीय प्रतियोगिता के लिए अग्रिम बधाई देते हुए इस बात से भी अवगत कराया कि वर्तमान सरकार खिलाड़ियों के लिये नौकरियों में कोटा निश्चित कर रही हैं। प्रतियोगिता ने कुंडा संभाग प्रथम स्थान पर, विहार दूसरे स्थान पर, मांधाता तीसरे स्थान पर रही, जिसमें निर्णायक की भूमिका में खुर्शीद अली, शैलेश सिंह, राजेंद्र पांडे, विमल कुमार, कपिल देव, पवन सिंह आदि थे। सभी बालक बालिकाओं का मंडलीय प्रतियोगिता प्रयागराज में खेलने के लिए चयन किया गया।


विजेताओं को ट्राफी देते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

# दूरदर्शी सोच रखने वाले महान व्यक्तित्व के धनी थे डा0 सोनेलालः आरके पटेल

### कार्यकर्ताओं ने मनाया डॉ सोनेलाल पटेल का परिनिर्वाण दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपना दल एस के तत्वावधान में अपना दल एस के संस्थापक डॉ सोनेलाल पटेल का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मडियाहू विधायक डॉक्टर आर के पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक जिला उपाध्यक्ष उमा प्रकाश अग्रहरी व संचालन श्रवण पटेल जिला उपाध्यक्ष द्वारा किया।

इस मौके पर अपना दल एस के कार्यकर्ताओ ने डॉ सोने लाल पटेल के चित्र पर मुख्य अतिथि के साथ अपना दल एस के कार्यकर्ताओ में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मुख्य अतिथि ने कहा कि डॉक्टर पटेल एक जननायक थे। वे जमीन से जुड़े हुए नेता थे उनका रोम रोम भारत वासियों के लोक कल्याण के लिए समर्पित था दूरदर्शी सोच रखने वाले महान व्यक्तित्व के धनी थे राजनीतिक और सामाजिक स्थिति को भलीभांति जानते थे। कार्यक्रम को राष्ट्रीय सचिव बौद्धिक मंच डॉ अमित पटेल, राष्ट्रीय सचिव शिक्षक मंच कुलदीप पटेल प्रदेश महासचिव विधि मंच परमानंद मिश्रा, प्रदेश सचिव कमलेश विश्वकर्मा, प्रदेश सचिव बौद्धिक मंच कुशल श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव व्यापार मंच विजय सिंह, प्रदेश सचिव लल्लू लाल वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच मुस्ताक अहमद आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम के पश्चात् मुख्य अतिथि आर के पटेल विधायक मडियाहू अपना दल एस के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष बृजेश पटेल के आवास पर पहुंच माता जी के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर रॉबिन पटेल ,राजकुमार, रामखेलावन पटेल शिव बहादुर पटेल बसंत लाल पटेल भैया राम पटेल कमलेश पटेल घनश्याम विजय पटेल श्रवण कुमार शुक्ला राम निहोर पप्पू राम वर्मी, प्रमोद पटेल,आरके पटेल जंग बहादुर पटेल संगीता पटेल,ओमप्रकाश पटेल जीत लाल पटेल प्रदीप पटेल आशीष पटेल विशाल आदि मौजूद रहे।


डॉ सोनेलाल पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करते मुख्य अतिथि।

### बिजली के खंभे से टकरा कर बाइक चालक की मौत,मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के ककरिहा गांव में गुरुवार की दोपहर लगभग 12 बजे रिश्तेदारी से अपने घर को लौट रहे बाइक सवार की बिजली के खंभे से अनियंत्रित होकर टकरा गई जो गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको मौके पर एंबुलेंस उपचार के लिए सीएचसी कालाकांकर ले गई जहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

बताया जाता है कि संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के बकौल खनवारी निवासी राजेश कुमार पुत्र हरीलाल (38) वर्षीय अपने घर से बाइक लेकर अकेले रिश्तेदारी के लिए निकला था जहां से वापस लौटते समय नवाबगंज थाना क्षेत्र के ककरिहा गांव में बिजली के खंभे से अनियंत्रित होकर बाइक टकरा गई जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उपचार के लिए सीएचसी कालाकांकर ले गई जहां उपचार के दौरान मौत हो गई । सूचना पर पहुंची नवाबगंज पुलिस लिखा पढ़ी करके शव को कोतवाली ले गई और परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दी।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन लोग नवाबगंज थाने पहुंच गये शव देखते ही चीख पुकार मच गई सभी का रो रोकर बुरा हाल है।

# एंबुलेंस में विस्फोट होने से एक घायल, बैंक डिलीवरी की तीन वैन क्षतिग्रस्त

## शहर में चिलबिला फ्लाई ओवर के निकट पेट्रोल पंप पर हुआ हादसा

### रात में पंप पर खड़ी थी तीनों गाड़ियां, वीडियो बनाने वाले की हथेली उड़ी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर में चिलबिला फ्लाई ओवर ब्रिज हाइवे के किनारे स्थित पेट्रोल पंप पर खड़ी एक प्राइवेट एंबुलेंस में बीती रात जोरदार विस्फोट हुआ। जिससे उसके परखच्चे उड़ गए। इसकी जद में आने से वहां खड़ी बैंक ऑफ़ बड़ौदा की तीन डिलीवरी वैन भी क्षतिग्रस्त हो गई। धमाका इतना तेज था कि पेट्रोल पंप के पास की दुकानों के शीशे टूट गए। लोग दहशत में आ गए। इस घटना का वीडियो बना रहे एक राहगीर की धमाके से हथेली उड़ गई। उसे गंभीर हालत में प्रयागराज रेफर किया गया है। घटना एंबुलेंस में रखे ऑक्सीजन सिलेंडर के अचानक फटने से हुई बताई जा रही है।

घटना की जानकारी होने पर एसपी और कोतवाल दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। पेट्रोल पंप एक कांग्रेस नेता है। वह भी रात में पहुंच गए। बताया जाता है कि एंबुलेंस चालक रात में अगरबत्ती जलाया था। आग लगने के बाद वह वहां से भाग गया। उसके बाद एंबुलेंस में तेज धमाका हुआ और उसके परखच्चे हवा में उड़ गए। पुलिस के अनुसार धमाका ऑक्सीजन गैस सिलेंडर फटने से हुआ है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। सई नदी पार करने के बाद हाइवे के दाहिनी तरफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्याम किशोर शुक्ला का पेट्रोल पंप है। बताया जाता हैं कि इसके इर्द गिर्द अक्सर वाहन खड़े रहते हैं। पुलिस के अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा की तीन डिलीवरी वैन और एक प्राइवेट एंबुलेंस आसपास खड़ी थी। रात में करीब बारह बजे अचानक से एंबुलेंस में जोर का विस्फोट हुआ। पलक छपते ही एंबुलेंस आग का गोला बन खिलौने की माफिक हवा में उछली और उसके परखच्चे उड़कर दूर जाकर गिरे। धमाके से पास में खड़ी तीनों वैन के शीशे और चद्दर उड़ गए। बगल में फर्नीचर की दुकान का भी नुक़सान हुआ है।

### ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से हुआ हादसाः सीओ

**प्रतापगढ़।** इस बारे में सीओ सिटी शिव नारायण वैश्य का कहना है कि एम्बुलेंस में रखे ऑक्सीजन गैस सिलेंडर से ब्लास्ट हुआ है। एक राहगीर घायल हुआ है। एसआरएन में उसका इलाज चल रहा है। फायर कर्मियों ने आग बुझाई। पेट्रोप पंप के प्रोपराइटर प्रशांत शुक्ल का कहना है कि उन्हें घटना की जानकारी बाद में हुई। बताया जा रहा है कि एंबुलेंस ऑक्सीजन गैस सिलेंडर फटने से हादसा हुआ है।

# शिक्षा का उद्देश्य अच्छा इंसान बनाना होना चाहियेः फिरोज बख्त

## साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में मना सर सैय्यद अहमद खाँ का जन्मदिवस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पी0जी कॉलेज के प्रेक्षागृह में सर सैय्यद अहमद खाँ का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मौलाना आजाद नेशलन उर्दू विश्वविद्यालय, हैदराबाद के पूर्व कुलाधिपति फिरोज बख्त अहमद ने कहा कि हिन्दुस्तान के वज़ीरे आज़म ने बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं और बेटी बढ़ाओ का जो नारा बुलन्द किया है उसे साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज, ज़मीन पर मूर्त रूप दे रहा है। यहाँ बेटियों ने जो कार्यक्रम प्रस्तुत किया वो अपने में अनूठा था और कार्यक्रम का स्तर मेट्रोपोलेयिन सिटी से बढ़कर था।

श्री अहमद ने कहा कि जिस प्रकार का यह कार्यक्रम आज शुरू किया गया है ऐसा ही कार्यक्रम अन्य शिक्षण संस्थानों में भी होना चाहिये और शिक्षा का उद्देश्य इंसान बनाना होना चाहिये और साकेत कॉलेज ने अपने इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये शिव प्रकाश मिश्र सेनानी ने कहा कि साकेत कॉलेज से यह सीखने लायक है कि विपरीत परिस्थितियों में भी किस तरह कोई बड़ा कार्य किया जा सकता है। बेटियाँ हमारी शान है और इन नगीनों को सजाने में साकेत कालेज की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज साकेत कालेज की बेटियाँ नगर के हर घर में मौजूद है। प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर स्वर्ण/रजत/कांस्य मेण्डल प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ0 अनीता पाण्डेय, लता श्रीवास्तव, डॉ0 प्रभा शर्मा, ज्योति सिंह, डॉ0 प्रतिभा मिश्रा, अज़मत अली, रईस अहमद को अच्छे परीक्षा परिणाम के लिये सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओं कु0 दीक्षा, कौशिकी, नेहा सिंह, मुस्कान, शगुन एवं वसुन्धरा द्वारा प्रस्तुत साई वन्दना, सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक मोहम्मद अनाम द्वारा कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन अज़मत अली व रईस अहमद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आये हुये आगन्तुकों के प्रति आभार महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव द्वारा व्यक्त किया गया।


साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

# रामपुर खागल गांव में हेलीकॉप्टर से पहुंचे जगतगुरु रामभद्राचार्य, प्रारंभ हुई कलश यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के रामपुर खागल गांव निवासी आचार्य रामचंद्र दास जो की तुलसी पीठ जगतगुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी के आवास पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। गुरुवार को कलश यात्रा दाउदपुर स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ हुई। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण मंदिर पर मौजूद रहे।

सिर पर कलश लेकर जय श्री राम का नारा लगाते हुए भक्तगण जब कलश यात्रा लेकर निकले तो सड़क के दोनों तरफ दर्शकों का हुजूम उमर पाड़ा। जगद्गुरु रामभद्राचार्य के दर्शन के लिए लोग ललाइत दिखे। कलश यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व आचार्य रामचंद्र दास ने उपस्थित जन समूह को उत्साहित किया। यह ऐसी पहली कलश यात्रा है जिसमें जगतगुरु रामभद्राचार्य स्वयं शामिल हुए और उपस्थित जनमानस को संबोधित किया। आयोजन को संपन्न कराने में भारी पुलिस फोर्स भी तैनात की गई। शाम करीब चार बजे यह कलश यात्रा कथा स्थल पर पहुंच कर समाप्त हुई। इस कलश यात्रा को सक्सेसफुल संपन्न करने के लिए प्रशासन के साथ जगतगुरु के सैकड़ो अनुयाई जन सेवा में लग रहे। उधर कलश यात्रा और पुष्पवर्षा के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत रामपुर खागल में आईजी रेंज प्रयागराज प्रेम गौतम द्वारा सुरक्षा समुचित व्यवस्था के चेक किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने एएसपी, दुर्गेश कुमार सिंह व सीओ पट्टी के साथ निरीक्षण किया गया एवं सुरक्षा/समुचित व्यवस्था हेतु सभी ड्यूटीरत कर्मियों को चेक किया गया, संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये।


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुगण।

### कलश यात्रा में शामिल होने आई महिला की सोने की चेन चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कलश यात्रा में शामिल होने आई एक महिला के गले से सोने की चेन चोरी हो गई। परिजन चैन को ढूंढने में खासे परेशान रहे। पृथ्वीगंज बाजार निवासी अष्टभुजा देवी पत्नी शिवकुमार उमरवैश्य कलश यात्रा में शामिल होने के लिए दाउदपुर स्थित कुंडा धाम आई हुई थी। इस दौरान गले में पहनी हुई सोने की चेन किसी ने चुरा लिया। जिसकी जानकारी होने पर महिला के परिजन धाम के आसपास काफी देर तक चैन को खोज पर मिली नहीं। कुंडा धाम के पुजारी ने बताया कि धाम के चप्पे चप्पे पर सीसीटीवी लगी है। जल्द ही पता लगा लिया जाएगा कि महिला की चेन किसने लिया है।

### महेशगंज थाना प्रभारी को एसपी ने किया लाइन हाजिर

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर थाना प्रभारी महेशगंज को लाइन हाजिर एवं थाना महेशगंज में नियुक्त एक उप निरीक्षक, एक आरक्षी को निलम्बित किया है। बता दें कि थाना महेशगंज क्षेत्रान्तर्गत शिवगढ़ तुर्री में श्रीदुर्गी पूजा विसर्जन के दौरान, डी0जे0 में करंट आने से दो लोगों की मौत हो गई थी और तीन लोग झुलस गये थे। मामले को संज्ञान में लेकर जांच कराया गया। जांच से प्रथम दृष्टया उ0नि0 देवनारायण राय, आरक्षी चन्दन थाना महेशगंज द्वारा लापरवाही/शिथिलता बरते जाने पर दोषी पाकर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर विभागीय कार्यवाही के आदेश दिये गये।

# खेत की रखवाली कर रहे किसान की हत्या

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सकाढा गांव के एक किसान खेत की रखवाली करने के लिए बुधवार की शाम घर से खेत पर गए थे लेकिन बृहस्पतिवार दोपहर तक वह वापस घर नहीं लौटे जिस पर परिवार के लोग उन्हें खोजने निकले तो मालूम चला कि किसान के सर से खून बह रहा है उन्हें गंभीर चोट लगी है मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस किसान को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गई जहां चिकित्सकों ने किसान की मृत्यु घोषित कर दिया है

जानकारी के मुताबिक सकाढा गांव निवासी पिताई लाल सरोज उर्फ सेवा लाल उम्र लगभग 60 वर्ष बुधवार की शाम बाजरा के खेत की रखवाली करने खेत गए थे प्रतिदिन वह सुबह घर वापस लौट आते हैं लेकिन बृहस्पतिवार की सुबह जब वह वापस नहीं लौटे तो उनका बेटा फूलचंद्र सरोज परिवार के लोगो के साथ उन्हें खोजते खोजते खेत तक पहुंचे तो देखा किसान बेसुध हालात पर जमीन पर पड़ा है उसके सर में गंभीर चोट के निशान है और मौके पर तमाम खून बहा हुआ है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी

हत्या क्यों की गई इस बारे में परिवार के लोग भी कुछ नही बता सके



गई मौके पर पहुंची पुलिस रक्तरंजित किसान को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज पहुंची है जहां चिकित्सको ने उसे मृतक घोषित कर दिया है पुलिस ने किसान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिवार में कोहराम मचा है हत्या क्यों की गई इस बारे में परिवार के लोग भी कुछ नही बता सके हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अधेड़ ने दी जान

● घर से खाता में पैसा चेक कराने के बहाने जाकर दूर सूने घर में लगा ली फांसी

**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक अधेड़ ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर मौत को अपने गले लगा लिया है घरवालों को सूचना मिलते ही कोहराम मच गया है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र महेन्द्र गांव में गुरुवार की सुबह बैंक में पैसा चेक करवाने के बहाने घर से निकले मनोज कुमार जायसवाल उर्फ गुड्डू (50वर्ष)पुत्र स्वर्गीय मोती लाल जायसवाल के काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिजनो ने उसकी खोजबीन करना शुरू कर दिए। खोजबीन के दौरान परिजन मुकीमपुर चौराहे में बने सूने पड़े घर गए तो दरवाजा अन्दर से बंद मिला। परिजन दरवाजा तोड़कर घर के अंदर गए तो मनोज का शव रस्सी से लटकता हुआ देखा। इस दौरान मनोज का शव नीचे उतारा गया। मृतक मनोज तीन भाइयों में दूसरे नंबर का



था। मनोज के दो बेटे राहुल और रकित तथा तीन बेटियों में कोमल , मनोरमा , सोनाली हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि मनोज गुरुवार की दोपहर तीन बजे मुकीमपुर चौराहे में बना अपने मकान गया था। मृतक मनोज और उसके भाई गैरप्रांत पूना में किराना कारोबारी हैं। वह कुछ माह पहले शुगर बीमारी की वजह से गांव चला आया था। गुड्डू की मौत की खबर सुनकर घर वालों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

## न्यूज झरोखा

### मौके पर पहुँच कर डीएम ने चिन्हित करायी महेश प्रसाद की जमीन



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने महेश प्रसाद पुत्र स्व0 राम यादव निवासी, ग्राम, कोरेई, परगना कड़ा, तहसील सिराथू द्वारा जन सुनवाई में दिये गये शिकायती पत्र में गाटा संख्या-28 वि0 रकबा 0.228 हेक्टेयर इनके नाम दर्ज है। जिस पर अवैध रूप से कब्जा है जमीन चिन्हित कराने के लिए शिकायती पत्र दिया था। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा मौके पर खुद जाकर पत्थरगढ़ी हेतु वाद दायर किये जाने के मामले में गाटा संख्या-28 व 22 की भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया निरीक्षण में पाया गया कि गाटा संख्या-28 व 22 पर बिना परमीशन अवैध रूप से प्लॉटिंग कर दी गयी थी। उक्त अवैध कब्जे को पूर्व में मौखिक व लिखित नोटिस दी गयी थी किन्तु इनके द्वारा कोई जवाब व परमीशन की कार्यवाही नहीं की गयी। इस क्रम में उप जिलाधिकारी मंझनपुर द्वारा अवैध प्लॉटिंग को जेसीबी लगाकर ढहा दिया गया महेश प्रसाद व अन्य ग्रामवासियों की उपस्थिति में ही जिलाधिकारी ने लेखपाल व कानूनगो से गाटा संख्या-28 वि0 रक्बा 0.228 हेक्टेयर की नपाई कराकर मौके पर ही फावडे से निशान लगाकर प्रार्थी की जमीन चिन्हित करा दी गयी इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह भी मौजूद रहे।

### अलवारा जलाशय श्रेणी-5 का स्थलीय निरीक्षण कर डीएम ने दिये दिशा निर्देश



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने मत्स्य विभाग के प्रबन्धान्तर्गत स्थित अलवारा जलाशय श्रेणी-5 का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कहा कि जलाशय का विकास पर्यटन की दृष्टि से किया जाय इसके सौन्दर्यीकरण एवं जीणोर्धार कराने हेतु मत्स्य विभाग मनरेगा, वन विभाग एवं सिचाई विभाग को संयुक्त रूप से टीम बनाकर विकास की कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### अनियंत्रित होकर बाइक गिरी, महिला समेत दो घायल



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** मंझनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर मडूकी निवासी रंजीत चौधरी 25 साल अपनी नानी चंद्रा देवी को लेकर बाइक से किसी काम से भरवारी गया हुआ था। वहां से वह शाम चार बजे घर वापस आ रहा था। वह कोखराज के केसौवापुर गांव के पास हाइवे के किनारे बनी सर्विस रोड से बाइक चला रहा था की वहां पर सर्विस रोड की सड़क में गढ्ढे होने के कारण उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। बाइक से गिरने पर बाइक चला रह युवक और उसकी नानी दोनों घायल हो गए। आसपास रहे लोगों ने एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सिराथू भिजवाया। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया की यहां एनएचएआई के द्वारा बनवाई गई सर्विस रोड पर कई जगह सड़क दब गई जो गड्ढे का रूप ले चुकी है। लेकिन जब कोई वाहन चालक गाड़ी चलाता हुआ आ रहा होता है तो दूर से उसे इन गड्ढों का आभास नहीं होता और जब वाहन का पहिया गड्ढे में जाता है तो वाहन अचानक से अनियंत्रित हो जाता है। जिस कारण कई बाइक चालक गिरकर घायल हो चुके है। स्थानीय लोगों ने सड़क को सही कराए जाने को कहा है जिससे भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## मोटे अनाज का सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत ही उपयोगी : कल्पना सोनकर

### मिनी किट का वितरण कर सर्वाधिक उत्पादन करने वाले प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित



कौशाम्बी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना सोनकर ने डायट मैदान में आयोजित उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत 01 दिवसीय जनपद स्तरीय मेला/कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित करके किया शुभारम्भ तथा कृषि विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगायी गई विभागीय योजनाओ के स्टॉलों का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दियें सर्वाधिक उत्पादन करने वाले प्रगतिशील किसानों गुलाब सिंह भवानी दीन ओमप्रकाश नरेन्द्र तीरथ प्रसाद सत्यनारायण बुद्धसेन मौर्या रामफल सुरेश चन्द्र, श्रीमती मालती देवी को भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने मिनी किट देकर सम्मानित किया।जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना सोनकर ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के आधुनिक जीवन शैली में हम लोग मोटे अनाजों से दूर हों गये हैं, जबकि मोटे अनाज का सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत ही उपयोगी एवं लाभप्रद है। मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव ने कृषकों को बताया कि मोटे अनाजों में भरपूर पोषण तत्व-आयरन, प्रोटीन, कैल्शियम आदि पाये जाते हैं। मा0 प्रधानमंत्री जी ने मोटे अनाजों को श्रीअन्न का नाम देकर अधिक से अधिक उत्पादन एवं उपभोग की पहल की है। जैसा कि आप सभी जानते है कि यूएनओ द्वारा वर्ष-2023 को अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में घोषित किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मोटे अनाजों के अधिकाधिक उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढोतरी भी की है। उन्होंने किसानों से मोटे अनाजों का अधिकाधिक उत्पादन करने का आवाह्न करते हुए कहा कि मोटे अनाज के उत्पादन में लागत कम आती है, जिससे आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने किसानों से कहा कि कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दी जा रहीं जानकारियों व सुझाओं को अपनाकर अधिक से अधिक मोटे अनाजों का उत्पादन करें। उक्त कार्यशाला में कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ0 अजय कुमार, डॉ0 मनोज कुमार सिंह एवं डॉ0 मीनाक्षी सक्सेना ने किसानों को मोटे अनाज की उपयोगिता, उत्पादन एवं फसलों को बीमारियों से बचाव आदि महत्वपूर्ण जानकारियॉ व सुझाव दियें।इस अवसर पर, उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी इन्द्रजीत यादव, जिला कृषि रक्षा अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण व कृषकगण उपस्थित रहें।

### जिला उद्यान विभाग को 400 कुन्तल आलू बीज का लक्ष्य

**कौशाम्बी** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया है कि जनपद के समस्त कृषकों आलू उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि निदेषालय द्वारा आवंटित आलू बीज यथा कु0 चिप्सोना-1 100 कुन्तल, कु0 ख्याति 100 कुन्तल, एवं कु0 आनन्द 200 कुन्तल इस प्रकार कुल 400 कुन्तल आलू बीज का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। शासनादेष के अनुसार आलू बीज का वितरण 5 हेक्टेयर क्षेत्रफल क्लस्टर के एक कृषक समूह जिसमें कम से कम 10 कृषक एवं अधिकतम 20 कृषक होना अनिवार्य है, को लाटरी के माध्यम से निर्धारित प्रति कुन्तल की दर धनराषि रू0 2995.00 प्राप्त कर वितरण किया जायेगा। आलू बीज रोस्टर के अनुसार दिनांक 26.10.2024 को राजकीय शीतगृह, अलीगंज, लखनऊ से प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है। आलू उत्पादक कृषक दिनांक 21.10.2024 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में समूह गठन करते हुए आवेदन कर सकते हैं। एक क्लस्टर को 175 कुन्तल आलू बीज प्राप्त करना होगा। उत्पादित आलू बीज का प्रमाणीकरण संस्था के माध्यम से प्रमाणित कराया जाना आवष्यक होगा।

## जानवी केसरवानी ने गोल्ड मेडल जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान

**कौशाम्बी** काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के कैंपस में दिनांक 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ जिसमें प्रयागराज मंडल से चयनित खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमें रुद्र फाउंडेशन कौशांबी की जानवी केसरवानी ने गोल्ड मेडल जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई अर्थात नेशनल के लिए चयनित हुई वही सत्यम सिंह ब्रॉन्ज मेडल, सार्थक नारायण पांडे ब्रॉन्ज, मेडल सामर्थ नारायण पांडे, ब्रोंज मेडल ,वंश यादव ब्रॉन्ज, मेडल साक्षी आर्य ब्रॉन्ज मेडल, खुशी पटेल ब्रॉन्ज मेडल एवं शिल्पा यादव सिल्वर मेडल, सूची पाल सिल्वर मेडल, जीतकर प्रयागराज मंडल का ही नहीं बल्कि अपने क्षेत्र एवं जनपद कौशांबी का भी नाम रोशन किया। सभी खिलाड़ियों को कौशांबी जनपद के क्रीड़ा सचिव श्याम लाल ने बधाइयां दी एवं जनपद के जिला




विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर सच्चिदानंद यादव ने बहुत ढेर सारी बधाइयां दी। वही रुद्र फाउंडेशन की अध्यक्ष अनामिक त्रिपाठी ने इस जीत को नए परिवर्तन की ओर अग्रसर करते हुए यह बताया कि यह न केवल रुद्र फाउंडेशन की जीत है बल्कि यह पूरे क्षेत्र एवं कौशांबी जनपद की जीत है इसमें पीटीआई के साथ-साथ बच्चों के अथक प्रयास तथा गार्जियन के संपूर्ण समर्पण का परिणाम है। फाउंडेशन के तकनीकी प्रबंधक अंजनी कुमार त्रिपाठी ने नेशनल के लिए हुई चयनित जानवी केसरवानी की जीत को उनके कठिन परिश्रम तथा पीटीआई के कुशल मार्गदर्शन को उत्कृष्ट बताया साथ ही साथ सभी मेडल प्राप्त किए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी साथ ही साथ उन्होंने कहा की यह उपलब्धि पूरे कौशांबी जनपद के लिए आमूल चूल परिवर्तन लेकर आएगी और राष्ट्रीय स्तर में भी कौशांबी जनपद एवं रुद्रा फाउंडेशन के बच्चे पूरे भारत में अपना परचम लहराएंगे।

## अंतर विद्यालयीय क्रिकेट टूनार्मेंट का रिजवी कालेज में हुआ आयोजन

**कौशाम्बी।** डॉ. ए. एच. रिजवी पी. जी. कॉलेज करारी के प्रबंधक कर्रार हुसैन रिजवी के मार्गदर्शन में दिनांक 15 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार से महाविद्यालय के मैदान में अंतर विद्यालयीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है ' आज प्रतियोगिता का तीसरा दिन था ' महाविद्यालय के खेल समन्वयक डॉ. मोहित त्रिपाठी एवं उनके टीम के अनुसार आज कुल तीन मैच खेले गए सुबह 10:30 बजे से रिजवी कॉलेज के मैदान में नंदी वाणी इंटर कॉलेज भरवारी एवं बैजनाथ अम्बिका प्रसाद मिश्र इंटरमीडिएट कॉलेज टेंवा के बीच प्रथम मैच खेला गया ' जहां नंदी वाणी इंटर कॉलेज के कप्तान निखिल द्विवेदी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया ' बैजनाथ अम्बिका प्रसाद मिश्र इंटरमीडिएट कॉलेज टेंवा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जीत के लिए 83 रनों का लक्ष्य रखा जवाब में नंदी वाणी इंटरमीडिएट कॉलेज भरवारी कुल 48 रन ही बना सकी ' बैजनाथ अम्बिका प्रसाद मिश्र इंटरमीडिएट कॉलेज टेंवा के दीपक को उनके उत्कृष्ट खेल के लिए मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिन्होंने 28 रन बनाकर एक विकेट लिया दूसरा मैच जवाहर नवोदय इंटर कॉलेज टेंवा एवं एस. एन. इंटर कॉलेज सिराथू के बीच खेला गया एस. एन. इंटर कॉलेज सिराथू ने पहले बैटिंग करते हुए 8 ओवर में 40 रन बनाए जवाब में जवाहर नवोदय इंटर कॉलेज टेंवा ने आसानी से 6 विकेट से मैच जीत लिया ' जवाहर नवोदय



इंटर कॉलेज टेंवा के रितिक कुमार को उनके उत्कृष्ट खेल के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया जिन्होंने 9 रन बनाकर 4 विकेट लिया। तीसरा मैच दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा एवं जनार्दन पांडेय इंटरमीडिएट कॉलेज मंझनपुर के बीच खेला गया ' जनार्दन पांडेय इंटरमीडिएट कॉलेज मंझनपुर के कप्तान अनुज ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया ' दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा ने पहले बैटिंग करते हुए 5 विकेट पर 67 रन बनाया ' जवाब में जनार्दन पांडेय इंटरमीडिएट कॉलेज मंझनपुर कौशाम्बी 56 रन ही बना सकी ' दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा के सुमित सरोज को उनके उत्कृष्ट खेल के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया ' जिन्होंने 3 रन और 1 विकेट लिया आज के तीनों मैच के अंपायर शशि प्रकाश एवं अजीत चौरसिया रहे तथा मैच की स्कोरिंग देवेंदर द्विवेदी के द्वारा की गई ' इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

### कोखराज क्षेत्र में गैंगरेप के मामले में भारी पड़ गए दलाल

**कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 दिन पहले गैंगरेप की एक महिला की कहानी में चार सिपाहियों को लाइन हाजिर किए जाने के बाद तमाम सवाल खड़े हो गए हैं जिस महिला ने गैंगरेप का आरोप लगाया है उसके तमाम ऑडियो वीडियो लगातार वायरल हुए हैं जिसमें महिला युवको से रुपए की डिमांड कर रही है महिला के आने जाने का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ है जिसमें महिला लोगों के साथ स्वेच्छा से जाती दिखाई पड़ी है उसका कहीं अपहरण नहीं हुआ था महिला का ऑडियो वायरल हुआ है जिसमें महिला आधी रात को दूसरे मर्दों को बुलाने की बात फोन पर कर रही है जिन लोगों पर गैंग रेप का आरोप है उनसे महिला के पहले से संबंध हैं और उनसे महिलाओं की लगातार बात होती रही बात तो यहां तक उभर कर आई है कि अपने पति को नशा की दवाई खिलाकर महिला कई वर्षों से घर से बाहर निकल कर लोगों से अपनी जरूरत पूरी कर रही थी गैंगरेप का मुकदमा लिखाने वाली महिला के कारनामे की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई का खुलासा अभी तक नहीं हो सका है बताया जाता है कि मामले में दलाल भी सक्रिय हैं झूठा मुकदमा दर्ज करा कर लोगों को ब्लैकमेल करने वाले गैंग के कारनामे का पर्दा फांस नही हुआ तो फर्जी मुकदमे लिखाने वालो की बाढ़ आएगी निर्दोषों को जेल जाना पड़ेगा और गुनहगार मौज करेंगे इसलिए इस घटना की सच्चाई से पर्दा उठाना आवश्यक है।

### संगीत के साथ महिला,युवतियों ने मनाया ढेंड़िया त्यौहार



**अझुवा कौशांबी** भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व ढेंड़िया बुधवार को पूरी आस्था और विश्वास के साथ अझुवा के साथ पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों को मंगल टीका लगाया। इसके बाद बला-बाधाएं दूर करने के लिए ढेंड़िया उतारी।16 कलाओं से परिपूर्ण चांद आश्विन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर बुधवार की रात निकला। इसके बाद रात में ढेंड़िया का त्योहार मनाया गया। परंपरा के मुताबिक जलते हुए दीये के साथ ढेंड़िया को भाइयों के माथे पर सात बार छुआते हुए बहनों ने मंगल की कामना की। इसके बाद ढेंड़िया चौराहे पर ले जाकर फेंक दिया। भाइयों ने बहनों को उपहार भी दिए हैं।कई घरों में पिता की मंगल कामना के लिए ढेंड़िया उतारी गई हैं ।वहीं वार्ड नंबर 9 गांधीनगर की महिलाओं युवतियों ने पुरानी परम्पराओं को जीवंत करते हुए गीत संगीत के माध्यम से नाच गाकर अताव भरते हुए सब्जी मंडी , लाई मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए वार्ड नंबर 9 पहुंची हैं महिलाओं और युवतियों बच्चों ने त्यौहार को छोटे छोटे बच्चों का रूप सौंदर्य बनाकर भाव पूर्ण से मनाया है।

## मंझनपुर डिपो के चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित हुए राजकुमार सिंह व मंत्री सोनू मिश्रा



**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के चुनाव में शाखा अध्यक्ष पद पर राजकुमार सिंह एवं शाखा महामंत्री पद पर सोनू मिश्रा निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। निर्विरोध निर्वाचित होने पर फूल माला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। श्रमिक समाज कल्याण संघ मंझनपुर शाखा का गठन हुआ जिसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रयागराज एहतेशाम जमीर एवं क्षेत्रीय मंत्री राम कैलाश यादव व संरक्षक रमाकांत तिवारी एवं सेन्ट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष व मंत्री के देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुआ। मंझनपुर रोड़वेज डिपो के समस्त कर्मचारियों ने मिलकर मंझनपुर डिपो का शाखा अध्यक्ष राजकुमार सिंह व शाखा मंत्री सोनू मिश्रा को निर्विरोध चुने गए। शाखा अध्यक्ष राजकुमार सिंह एवं शाखा महामंत्री सोनू मिश्रा निर्विरोध निर्वाचित होने पर समस्त कर्मचारियों का आभार प्रकट किए। राजकुमार सिंह एवं सोनू मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मंझनपुर डिपो की समस्त समस्याओं को अधिकारियों से मिलकर जल्द से जल्द समाधान कराया जाएगा उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा चालक एवं परिचालक को बेवजह उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## शासन के निर्देश के बाद भी नहीं हुआ बाल्मीकि रामायण का अखंड पाठ

**कौशांबी।** महर्षि वाल्मीकि के जयंती पर बाल्मीकि रामायण का 24 घंटे का अखंड पाठ किए जाने जल निर्देश प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया लेकिन तमाम कार्यक्रम की तरह वाल्मीकि कृत रामायण का 24 घंटे का अखंड पाठ किए जाने का निर्देश भी जिले में हवा हवाई साबित हुआ है केवल फोटो खिंचवाने तक मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं कहीं तुलसीदास के रामचरितमानस का 1 घंटे पाठ करके बाल्मीकि रामायण का अखंड रामायण पाठ की संज्ञा दे दी गई तो कहीं हनुमान चालीसा का पाठ करके बाल्मीकि रामायण का अखंड पाठ करने की संज्ञा दे दी गई सरकारी नुमाइंदों द्वारा कहीं भी 24 घंटे का बाल्मिक रामायण से अखंड पाठ का आयोजन नहीं किया गया है अब सवाल उठता है कि जब बाल्मीकि रामायण अखंड पाठ करने का निर्देश सरकार ने दिया था तो हनुमान चालीसा और तुलसीदास की रामचरितमानस का आधा घंटा एक घंटा पाठ करने का क्या मतलब था यह तो केवल फोटो खिंचवाकर सरकार को फोटो भेजने तक का मामला रह गया है वाल्मीकि जयंती पर बाल्मिक रामायण का अखंड पाठ करने के निर्देश के मामले में जांच कर दोषियों पर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है जिन्होंने सरकार को भी गुमराह करने से नहीं छोड़ा है।

### डीजल पहले भरवाने को लेकर हुई मारपीट

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के हाइवे के किनारे स्थित एक पेट्रोल पंप पर एक सवारियों से भरी बोलेरो लोडर गाड़ी डीजल भरवाने के लिए खड़ी हुई। ठीक उसी समय कोखराज के निधियावां निवासी करन पांडेय पुत्र स्व. उमाकांत पांडेय ने भी लोडर गाड़ी लगा तेल भरने को लगा दी। पहले तेल भराने को लेकर करन की आगे वाली लोडर गाड़ी में बैठे लोगों से बहस होने लगी। इसी बीच करन ने उसमें बैठे एक व्यक्ति का मोबाइल भी छीन लिया। जिससे गुस्साए लोडर में बैठे लगभग एक दर्जन लोग उतरकर करन को पीटने लगे। इस पर किसी ने फोन से पुलिस को सूचना कर दी। आनन फानन में कुछ ही देर पर पेट्रोल पंप पर कोखराज पुलिस पहुंची। पुलिस के पहुंचने से पहले सवारी बैठाए लोडर सवारी सहित वहां से रफूचक्कर हो गया। मौके पर मिले करन से पुलिस ने पूछताछ किया और उसके पास से एक दूसरे का मोबाइल भी बरामद किया। आगे की जानकारी के पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। घटना गुरुवार को चार बजे के लगभग बताई जा रहीं है। घटना के संबंध में कोखराज थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता का कहना है डीजल भराने को लेकर दो वाहन चालकों और उसमें बैठे सवारियों के बीच मारपीट का मामला है। एक वाहन चालक वहां से चला गया था। मामले की जांच पड़ताल हो रही है। तहरीर मिलने के बाद विधिक करुवाई की जाएगी।

## भये प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी

**अझुवा कौशांबी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा में रामलीला के दूसरे दिन बुधवार रात को राम जन्म ताड़का वध अहिल्या उद्धार फुलवारी लीला का मंचन किया गया। कुलगुरु वशिष्ठ की सलाह से राजा दशरथ ने पुत्र कामना यज्ञ कराया जिसमें देव योग से माता कौशल्या की कोख से विश्व के अवतार प्रभु श्री राम ने जन्म लिया अयोध्या नगरी सहित पूरा विश्व मंगल गान करने लगा इसके अतिरिक्त राम के साथ ही भरत लक्ष्मण व शत्रुघ्न का जन्म हुआ वशिष्ठ ने राजा दशरथ को बताया कि उनके यह पुत्र विश्व पताका फहराएंगे ।अस्त्र-शास्त्र की विद्या के लिए गुरुकुल आश्रम भेज दिया।विश्वामित्र की आज्ञा से श्री राम ने यज्ञ में विघ्न डाल रही ताड़का का वध किया।मुनि विश्वामित्र की आज्ञा लेकर भगवान राम व लक्ष्मण मिथला नगर में भ्रमण करने निकले अटारियों पर बैठी अष्ट सखियां उनके रूप को निहार कर उनके मनोहर रूप की शोभा का एक दूसरे से बखान करती हुई कहती हैं की इन दोनों राजकुमारों का सौंदर्य करोड़ कामदेव को प्राप्त

फुलवारी लीला में भगवान राम ने जानकी को पहली बार देखा



करने वाला है। श्री राम व लक्ष्मण नगर भ्रमण के उपरांत वाटिका के द्वार पर पहुंच कर गुरुजी के पूजा के लिए पुष्प चुनने लगते हैं। उधर जानकी अपनी सखियों के साथ माता सुनैना की आज्ञा से गौरी पूजन के लिए जाती हैं वहां जानकी को दूर से देख कर लक्ष्मण अपने भ्राता श्री राम को बताते हैं की यही जनक नंदनी जानकी हैं जिनके निमित्त ही धनुष यज्ञ होगा।यह सखियों के साथ गौरी पूजन हेतु आई है भगवान श्री राम कहते हैं की जानकी की अलौकिक शोभा देखकर स्वभाव से पवित्र मेरा मन क्षुमित हो रहा है। एवं मेरे मंगल सूचक दाहिने अंग फड़क रहे हैं जानकी जी श्री राम के दर्शन कर नेत्र बंद कर लेती हैं तत्पश्चात सखियों के कहने पर पुनः नेत्र खोलने पर संकोच के साथ प्रभु राम के स्वरूप को निहारती हैं दोनों के नेत्र एक दूसरे से मिलते हैं।रामलीला मंचन के समय कमेटी के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी मौजूद रहे हैं।

### गैंगरेप मामले में निष्क्रियता के चलते एसपी ने शहजादपुर चौकी में कार्यरत चार सिपाहियों को किया लाईन हाजिर

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** कोखराज के टेढ़ीमोड़ निवासी एक महिला को अगवाकर सैनी थाना के केसरिया गांव में 20 सितंबर को चार युवकों द्वारा किए गए गैंगरेप में मुकदमा दर्ज होने के बाद हुई जांच पड़ताल में शहजादपुर चौकी में तैनात चार सिपाहियों की क्षेत्र में निष्क्रियता के चलते हुए अपराध के चलते एस पी बृजेश श्रीवास्तव ने सिपाही नवनीत कुमार, आशुतोष सिंह, अत्रिय कुमार व विकास कुमार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है

### आधार को बैंक खाते से लिंक कराए दिव्यांगजन

**कौशाम्बी** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अश्विनी कुमार ने बताया है कि जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया जाता है कि निदेशालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा दिव्यांग व कुष्ठावस्था पेंशन की आगामी किश्त का भुगतान आधार बेस्ड पेमेण्ट प्रणाली के माध्यम से आधार लिंक बैंक खाते में होना है। अतः सभी दिव्यांगजनों से अपील है कि वह अपने बैंक से सम्पर्क कर अपने पेंशन सम्बन्धी बैंक खाते को आधार से जल्द से जल्द लिंक कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा उनकी आगामी दिव्यांग पेंशन की धनराशि खाते में अन्तरित होने में समस्या हो सकती है।

### ग्राम फतेहपुर परसखी में ग्राम चौपाल का आयोजन

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रबुद्ध सिंह उप संचालक चकबन्दी के नेतृत्व में ग्राम फतेहपुर परसखी परगना कड़ा तहसील सिराथू में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। ग्राम में चकबन्दी अधिकारी सहायक चकबन्दी अधिकारी चकबन्दीकर्ता व चकबन्दी लेखपाल उपस्थित रहें। इसके अतिरिक्त ग्राम प्रधान व चकबन्दी समिति के सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासियों द्वारा सहभागिता की गयी। ग्राम चौपाल में सभी ग्रामवासियों से चकबन्दी की समस्याओं पर चर्चा की गयी। ग्राम फतेहपुर परसखी में प्रथम चक्र की चकबन्दी प्रचलित है। कृषकों की जनसमस्याओं को सुना गया। जिसके नियमानुसार निस्तारण हेतु अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।

# सम्पादकीय

## मणिपुर में फिर चूकी भाजपा

**बीते** 17 महीनों से मणिपुर में चल रहे भयावह जातीय संघर्ष को सुलझाने के लिए पहली बार दिल्ली में बैठक बुलाई गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निमंत्रण पर मणिपुर से मैतेई, कुकी और नगा समुदायों के 20 विधायक दिल्ली पहुंचे। इसमें भी मात्र 4 या 5 कुकी विधायक ही पहुंचे। पहले यह बैठक गृह मंत्रालय में होनी थी, लेकिन बाद में इंटेलिजेंस ब्यूरो यानी आईबी के दफ्तर में यह बैठक हुई, ऐसी खबर है। बताया जा रहा है कि बैठक में आईबी के पूर्वोत्तर के संयुक्त निदेशक राजेश कांबले, पूर्वोत्तर में भाजपा के समन्वयक संबित पात्रा, केंद्र के सुरक्षा सलाहकार एके मिश्रा मौजूद थे। पहले कुकी, फिर मैतेई और बाद में नगा नेताओं से बात की गई। सभी ने अपनी-अपनी मांगें केंद्र के समक्ष रखीं। इसके बाद सभी को एक हॉल में एकत्रित कर संकल्प दिलाया गया कि आज की बैठक के बाद मणिपुर में न तो एक भी गोली चलेगी और न ही किसी व्यक्ति की जान जाएगी। तीनों समुदायों के प्रतिनिधियों ने इस पर सहमति दी। इसके बाद प्रतिनिधियों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाए।

जो समुदाय पिछले 17 महीनों में परस्प खून के प्यासे हो गए हों, जिनके बीच अविश्वास की खाई इतनी बढ़ गई हो कि उनका एक-दूसरे के इलाकों में जाना वर्जित हो गया हो और अगर कोई गलती से सीमा को पार कर जाए तो फिर उसे सीधे मौत के घाट उतारा जाए, उन लोगों के बीच क्या एक-दूसरे से हाथ मिलाकर दोस्ती करवाई जा सकती है। इस बात से तो ऐसा ही प्रतीत होता है कि या तो मोदी सरकार ने मणिपुर के मामले को बच्चों का खेल समझा है, या फिर मणिपुर को अपने खेल का मैदान बनाकर एक प्रयोग कर लिया है। भारत के कई राज्यों में अलगाववाद की आग पहले सुलग चुकी है, चाहे भाषा के नाम पर या धर्म के नाम पर। कई बार आंचलिक विशेषता के कारण पृथक राज्यों की मांगे भी उठीं। लेकिन दो समुदायों के बीच इतना गहरा संदेह कभी नहीं देखा गया जैसा मणिपुर में बन चुका है। इसकी क्रूर परिणिति कई भयावह घटनाओं के तौर पर सामने आई है, दो महिलाओं की नग्नावस्था में परेड और उनके साथ अनाचार एक उदाहरण है, ऐसे मामले की निंदा अंतरराष्ट्रीय मंचों से भी हुई। फिर भी मोदी सरकार का दुस्साहस ही है कि वह दावा कर रही है कि बैठक के बाद हाथ मिलाकर सब ठीक करने का आश्वासन ले लिया गया है।

श्रीमान मोदी का एक और दुस्साहस यह है कि अब तक मणिपुर तो वे नहीं गए, दिल्ली में हुई बैठक में शामिल होना भी उन्होंने जरूरी नहीं समझा। यहां तक कि मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी इस बैठक में शामिल नहीं हुए। जबकि बैठक गृहमंत्रालय ने ही बुलाई थी। एक खबर में बताया गया कि श्री शाह इस बैठक की मिनट टू मिनट जानकारी ले रहे थे। जब इतनी ही फिक्र मणिपुर की थी और पल-पल की जानकारी लेने का वक्त था, तो दस-पंद्रह मिनट की उपस्थिति दर्ज कराने में क्या हर्ज था। क्या हरियाणा में विधायक दल की बैठक में नायब सिंह सैनी का निर्विरोध चुने जाने का मुद्दा मणिपुर के मुद्दे से अधिक गंभीर था।

भाजपा को याद रखना चाहिए कि मणिपुर में भी भाजपा की ही सरकार है, उसकी भाषा में कहें तो डबल इंजन की सरकार है। फिर भी मणिपुर के लिए इतनी उपेक्षा का भाव क्यों रहा, यह एक अनसुलझा सवाल है।

# सत्ता का इकबाल कायम करें मोदी

– सर्वमित्रा सुरजन

**अमेरिका का** यह रवैया बता रहा है कि फिलहाल वह भारत की अपेक्षा कनाडा की दोस्ती को तवज्जो दे रहा है। इन हालात में अब नरेन्द्र मोदी को सोचना है कि वे अमेरिकी धरती पर मोदी-मोदी के नारे सुनकर गदगद होते रहें, ओबामा से लेकर ट्रंप और बाइडेन तक सबको अपना करीबी मित्र बताते रहें या फिर भारत के हितों के बारे में सोचकर कोई कड़ी टिप्पणी इन मामलों पर करें।

नरेन्द्र मोदी सरकार के लिए इस समय आंतरिक और विदेश मामलों में कठिन परीक्षा की घड़ी चल रही है। प्रधानमंत्री मोदी से अपेक्षा है कि चुनाव में जीत-हार की फिक्र से ऊपर उठकर इस समय वे गंभीरता से हालात का मुआयना करें, विशेषज्ञों की राय लेकर फैसले करें और देश को आश्वस्त करें कि हर हाल में जनता के हितों की रक्षा होगी। मुंबई में दशहरे के दिन भीड़ भरे इलाके में अजित पवार गुट एनसीपी के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई। इस हत्या की जिम्मेदारी गुजरात की जेल में बंद गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई ने ली। कायदे से गुजरात और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्रियों, गृहमंत्रियों के साथ-साथ केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी कि उनकी निगरानी में जेल से एक बड़े अपराध को अंजाम दिया गया। लेकिन फिलहाल इस मामले में आरोपियों की कितनी जल्दी धर-पकड़ हो गई है इसी बात का श्रेय लूटा जा रहा है।

मुमकिन है 20 नवंबर को होने वाले मतदान से पहले इस मामले में कुछ लोगों को अपराधी साबित करने के सरकार की सख्ती का दावा भी ठोंका जाए। लेकिन क्या लारेंस बिश्नोई का सच सामने आ पाएगा, ये सवाल कानूनी उलझनों में फंसा हुआ है। बता दें कि लारेंस बिश्नोई को गुजरात की साबरमती जेल में रखा गया है, जो हाईप्रोफाइल मुजरिमों के लिए बनी है। इसमें किसी आरोपी से पूछताछ के लिए सख्त नियम बने हैं। लारेंस बिश्नोई पर सीआरपीसी की धारा 268 के तहत, अगस्त 2023 तक के लिए जेल से बाहर निकलने पर रोक लगी हुई थी। अब नये आदेश के मुताबिक, बीएनएसएस की धारा 303 के तहत यह पाबंदी अगस्त 2025 तक बढ़ा दी गई है। अगर कोई भी पुलिस टीम, अधिकारी या एजेंसी लारेंस बिश्नोई से किसी मामले में पूछताछ करना चाहती है, तो उन्हें एक न्यायिक आदेश लेकर आना होगा। साथ ही उसके खिलाफ चल रही किसी भी जांच को जेल परिसर के भीतर ही अंजाम दिया जाएगा। वैसे साबरमती जेल प्रशासन का कहना है कि लारेंस बिश्नोई जेल के भीतर से कोई गिरोह नहीं चला रहा है, उसके पास कोई मोबाइल फोन या ऐसा जरिया नहीं है, जिससे वो बाहरी दुनिया से संपर्क रख सके। मगर सिद्दीकी हत्याकांड की शुरूआती जांच में अगर लारेंस बिश्नोई गैंग का नाम सामने आया तो इसे क्या केवल साबरमती जेल प्रशासन के बयान के आधार पर नजरंदाज किया जा सकता है, यह विचारणीय है।

यह तय है कि लारेंस बिश्नोई को अब पूछताछ के लिए गुजरात से बाहर नहीं लाया जाए, इसका कानूनी इंतजाम कर लिया गया है। लेकिन इसी साबरमती जेल में यूपी का माफिया डॉन अतीक अहमद भी 2019 से बंद था और पिछले साल मार्च में उसे गुजरात से यूपी शिफ्ट किया गया, इसके बाद अप्रैल में किस तरह उसे और उसके भाई को पुलिस सुरक्षा के बीच ही मार दिया गया, यह दृश्य पूरे देश ने देखा है। इस तरह की घटनाओं पर कुछ तालियां बज सकती हैं कि एक माफिया को मिट्टी में मिलाने की हिम्मत सरकार ने दिखाई, लेकिन वहीं सवाल भी उठते हैं कि जब अतीक अहमद को बाहर लाया जा सकता है तो लारेंस बिश्नोई से गुजरात के बाहर पूछताछ क्यों नहीं की जा सकती।

बाबा सिद्दीकी की हत्या की घटना को केवल पैसों के लिए किए गए अपराध की तरह नहीं देखा जा सकता, क्योंकि लारेंस बिश्नोई सीधे-सीधे लोकतांत्रिक सरकार की सत्ता को चुनौती दे रहा है, ठीक वैसे ही जैसे एक वक्त में दाऊद इब्राहिम का रवैया था। दाऊद इब्राहिम तो भारत के प्रमुख वांछित अपराधियों में शामिल है, वह आतंकवादी है। लेकिन लारेंस



बिश्नोई को आतंकवादी कहने की जगह भारत के कई सोशल मीडिया हैंडल्स पर उसका महिमामंडन हो रहा है। उसे बॉलीवुड के लोगों, खालिस्तानियों, हिंदुत्व का विरोध करने वालों के लिए काल की तरह बताया जा रहा है। उसकी तस्वीर इस अंदाज में पोस्ट की जा रही हैं, मानो उसने बड़ी जांबाजी का काम किया है। एक अपराधी को नायक बनाने की यह भूल समाज को विनाश की तरफ ले जाने वाली है, क्योंकि इस तरह युवाओं को भटकाना और आसान हो जाता है। वैसे ही इस समय हमारे युवाओं का भविष्य दांव पर लगा हुआ है।

रोजगार और अच्छी शिक्षा की तलाश में हर बरस लाखों युवा विदेश जा रहे हैं और इनमें बड़ी संख्या कनाडा जाने वालों की है। लेकिन इस वक्त कनाडा और भारत के संबंध सबसे नाजुक दौर से गुजर रहे हैं। 14 अक्टूबर को दोनों देशों ने एक-दूसरे के छह-छह राजनयिकों को निष्कासित किया है। दरअसल पिछले वर्ष कनाडाई नागरिक और सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद कनाडा ने इसमें भारत की भूमिका पर सार्वजनिक तौर पर सवाल उठाए थे। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने वहां की संसद में इस बारे में बयान दिया था। तब भारत ने इन आरोपों को खारिज कर दिया था और साथ ही कनाडा को भारत-विरोधी शक्तियों को शरण न देने की सलाह दी थी। लेकिन भारत की सलाह का कोई असर कनाडा पर नहीं हुआ और अभी जस्टिन ट्रूडो ने फिर कह दिया कि भारत सरकार के अधिकारी पिछले जून में सरे में सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल थे। इसके बाद कनाडाई प्रशासन ने एक प्रेस कांफ्रेंस में यह कहा कि भारत की जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का गिरोह या उसके एजेंट कनाडा में इस हत्या के पीछे हैं। इस तरह कनाडा ने सीधे-सीधे भारत सरकार पर एक गैंगस्टर के साथ मिलकर काम करने का गंभीर आरोप लगाया।

यह वैश्विक स्तर पर भारत का अपमान है। वहीं अमेरिका में भी अब भारत के खिलाफ इसी तरह की बातें हो रही हैं। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने अगस्त में कनाडा के दौरे पर कहा था कि अमेरिका कनाडा के साथ हर स्तर पर सहयोग कर रहा है ताकि निज्जर हत्याकांड मामले की तह तक पहुंचा जा सके। उन्होंने निज्जर की हत्या को एक त्रासदी बताया था। वहीं इस मंगलवार को अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि जब कनाडाई मामले की बात आती है, तो हमने स्पष्ट कर दिया है कि आरोप बेहद गंभीर हैं और उन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत है। हम चाहते थे कि भारत सरकार कनाडा को उसकी जांच में सहयोग दे। उन्होंने (भारत) वह रास्ता नहीं चुना है।

अमेरिका का यह रवैया बता रहा है कि फिलहाल वह भारत की अपेक्षा कनाडा की दोस्ती को तवज्जो दे रहा है। इन हालात में अब नरेन्द्र मोदी को सोचना है कि वे अमेरिकी धरती पर मोदी-मोदी के नारे सुनकर गदगद होते रहें, ओबामा से लेकर ट्रंप और बाइडेन तक सबको अपना करीबी मित्र बताते रहें या फिर भारत के हितों के बारे में सोचकर कोई कड़ी टिप्पणी इन मामलों पर करें। बेशक भारत का विदेश मंत्रालय अपनी तरफ से सख्ती दिखाने की पूरी कोशिश कर रहा है। उसके प्रवक्ता भारत पर लग रहे आरोपों पर कड़ा जवाब दे रहे हैं। लेकिन ये वक्त पं.नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी की तरह पश्चिमी ताकतों, खासकर अमेरिका को जवाब देने का है। अगर कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों से प्रेरणा लेने में श्री मोदी को असुविधा हो तो पोरस की मिसाल भी इतिहास के पन्नों में दर्ज है। 340 ईसा पूर्व से 315 ईसा पूर्व तक झेलम से लेकर चिनाब तक फैले पंजाब-सिंध प्रांत में पोरस का साम्राज्य फैला था और विश्वविजय पर निकले सिकंदर के अभियान को पोरस की कड़ी चुनौती मिली थी।


ऐतिहासिक कथा के मुताबिक दोनों के बीच हुए युद्ध के बाद जब पोरस को बंदी बनाकर सिकंदर के सामने पेश किया गया, तब पोरस ने सिकंदर से कहा था कि उनके साथ वही सलूक करना चाहिए जो एक राजा, दूसरे राजा के साथ करता है। इस कथा में तथ्य कितना है, यह अलग पड़ताल का विषय है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय संबंधों और राजनयिक शिष्टाचार में सम्मान और बराबरी का सबक इससे जरूर लिया जा सकता है।

# क्रियान्वयन के 19 वर्षों के बाद आरटीआई अधिनियम के रिकॉर्ड पर एक नजर

– शैलेश गांधी

**आम तौर** पर,सार्वजनिक अभिलेखों में अधिकांश जानकारी सार्वजनिक गतिविधि से उत्पन्न होती है। जन सूचना अधिकारी (पीआईओ) को यह तय करना होता है कि क्या यह निजता का उल्लंघन है। निजता का संबंध घर के भीतर के मामलों, व्यक्ति के शरीर, यौन वरीयताओं आदि से है। यह संविधान के अनुच्छेद 19(2) के अनुरूप है।

सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम ने 12 अक्टूबर, 2024 को 19 वर्ष पूरे कर लिये। जब इसे पहली बार लागू किया गया था, तो इसने नागरिकों में बहुत उत्साह पैदा किया था, जिन्होंने अपनी सरकार से जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की संभावना देखी थी।




हम भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहते हैं, लेकिन इसका आम नागरिकों के लिए कल्याण और सुशासन में परिवर्तन अभी तक नहीं हुआ है। लोकतंत्र को 'लोगों द्वारा लोगों के लिए लोगों का शासन' के रूप में परिभाषित किया जाता है, लेकिन सच्चाई यह है कि जब कोई आम नागरिक किसी सरकारी कार्यालय में जाता है, तो वह अक्सर आहत, अपमानित और निराश महसूस करता है।

पहली बार, हमारे पास ऐसा कानून था जो व्यक्तिगत नागरिक की संप्रभुता को मान्यता देता था और नागरिक की सरकार और सभी लोक सेवकों पर सर्वोच्चता को भी स्वीकार करता था।

इसने इस तथ्य को भी मान्यता दी कि सरकार के पास नागरिकों की ओर से सभी जानकारी होती है। सशक्त नागरिक अपनी शिकायतों के निवारण और भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए आरटीआई का इस्तेमाल करते थे।

आरटीआई अधिनियम में ऐसी सूचनाओं की सूची नहीं है, जिन्हें नागरिक प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि इसमें ऐसी सूचनाओं की एक छोटी नकारात्मक सूची है, जिन्हें नागरिक को देने से मना किया जा सकता है। बाकी सभी सूचनाओं को नागरिकों के साथ साझा किया जाना था।

यह दुनिया के सबसे बेहतरीन पारदर्शिता कानूनों में से एक था, लेकिन यह वायदा किये गये परिणाम और बेहतर शासन नहीं दे रहा है, क्योंकि विभिन्न उपाय और उन्हें लागू करने वाले अनेक अधिकारी कानून का पालन नहीं कर रहे हैं, बल्कि इसे विकृत कर रहे हैं।

यह अधिनियम मानता है कि सभी मौजूदा सूचनाएं किसी नागरिक को मांगे जाने पर दी जानी चाहिए और अगर कोई लोक सेवक बिना उचित कारण के 30 दिनों के भीतर सूचना देने से मना करता है, तो उस पर व्यक्तिगत जुमार्ना लगाया जा सकता है।

असंतुष्ट नागरिकों के लिए, यह विभाग के भीतर एक वरिष्ठ अधिकारी के पास अपील करने का प्रावधान करता है और यदि यह संतोषजनक नहीं है, तो कानून सूचना आयोग के रूप में एक दूसरा अपीलीय प्राधिकरण बनाता है। इसने आयोगों को अपने आदेशों को लागू करवाने के लिए पर्याप्त अधिकार दिये।

सूचना आयुक्तों का चयन प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और केंद्रीय आयोग के लिए एक अन्य मंत्री और राज्य आयोगों के लिए मुख्यमंत्री, विपक्ष के नेता और एक अन्य मंत्री वाली समिति द्वारा किया जाना था।

यह आरटीआई अधिनियम की कमजोर कड़ी बन गयी। आयुक्तों का चयन बिना किसी पारदर्शी प्रक्रिया के किया गया और, ज्यादातर मामलों में, पद ऐसे लोगों को दिये गये जो नौकरशाही और राजनीतिक नेटवर्क में काम कर सकते थे। नतीजतन, बड़ी संख्या में ऐसे आयुक्तों का चयन किया गया, जिन्हें न तो पारदर्शिता के प्रति कोई झुकाव था और न ही इसके प्रति कोई प्रेम। उनमें से कई ने इन पदों को सेवानिवृत्ति के बाद की नौकरी या सेवा में रहते हुए किए गये उपकारों के पुरस्कार के रूप में देखा।

वे संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) से उत्पन्न होने वाले मौलिक अधिकार के रूप में सूचना के अधिकार के महत्व को नहीं पहचानते या समझते थे। कानून में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि सूचना मांगने के लिए कोई कारण बताने की आवश्यकता नहीं है। आयुक्तों और न्यायालयों ने आवेदकों से यह पूछना शुरू कर दिया कि वे सूचना क्यों चाहते हैं। यदि उत्तर उन्हें संतुष्ट नहीं करता, तो वे आवेदकों को सूचना देने से इनकार कर देते हैं।

यह इस तथ्य से और भी बढ़ गया है कि देश में कई आयुक्त किसी भी गंभीरता से काम नहीं करते हैं। उनमें से कई सप्ताह में 40 घंटे भी काम नहीं करते हैं। अधिकांश मामलों में मामलों का निपटारा बिल्कुल अस्वीकार्य है। कई आयुक्त एक महीने में 50 से 100 मामलों का निपटारा करते हैं। उन्हें प्रति माह लगभग 400 से 500 मामलों का निपटारा करना चाहिए, जैसा कि कुछ करते हैं। एक बेंचमार्क के रूप में, मैं उल्लेख कर सकता हूं कि भारतीय उच्च न्यायालयों में मामलों का औसत निपटान, जो अधिक जटिल हैं, प्रति माह 200 मामलों से अधिक है।

सूचना आयोगों में लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है और आयोगों में आरटीआई मामलों में छह महीने से चार साल तक की देरी हो रही है। नागरिकों की कानून को लागू करने में रुचि कम हो रही है और लोक सेवक कानून में उल्लिखित अपने कर्तव्यों की उपेक्षा करने लगे हैं। इसका परिणाम यह हुआ है कि नागरिकों का कानून में विश्वास खत्म हो रहा है।

आरटीआई को एक और बड़ा झटका आरटीआई अधिनियम की धारा 8(1)(जे) की घोर गलत व्याख्या है। इस धारा का उद्देश्य ऐसी सूचना को छूट देना था जो किसी व्यक्ति की निजता पर आक्रमण करती हो।

इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि निजता को परिभाषित करना कठिन हो सकता है, भारतीय संसद ने इस धारा को सावधानीपूर्वक और कुशलता से तैयार किया था।

यह धारा 'ऐसी सूचना को छूट देती है जो व्यक्तिगत सूचना से संबंधित है, जिसके प्रकटीकरण का किसी सार्वजनिक गतिविधि या हित से कोई संबंध नहीं है, या जो व्यक्ति की निजता पर अनुचित आक्रमण करेगी जब तक कि केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी या राज्य लोक सूचना अधिकारी या अपीलीय प्राधिकारी, जैसा भी मामला हो, संतुष्ट न हो कि व्यापक सार्वजनिक हित ऐसी सूचना के प्रकटीकरण को उचित ठहराता है।

'बशर्ते कि वह सूचना, जिसे संसद या राज्य विधानमंडल को देने से इनकार नहीं किया जा सकता है, किसी भी व्यक्ति को देने से इनकार नहीं किया जायेगा।'

आम तौर पर,सार्वजनिक अभिलेखों में अधिकांश जानकारी सार्वजनिक गतिविधि से उत्पन्न होती है। जन सूचना अधिकारी (पीआईओ) को यह तय करना होता है कि क्या यह निजता का उल्लंघन है। निजता का संबंध घर के भीतर के मामलों, व्यक्ति के शरीर, यौन वरीयताओं आदि से है।

यह संविधान के अनुच्छेद 19(2) के अनुरूप है। फिर पीआईओ को अपना व्यक्तिपरक निष्कर्ष दर्ज करना चाहिए कि वह संसद या राज्य विधानसभा को मांगी गयी जानकारी नहीं देगा।

दुर्भाग्य से कई लोक सेवक, आयुक्त और अदालतें केवल यह कहकर सूचना देने से इनकार कर देती हैं कि यह व्यक्तिगत जानकारी है। यह कानून या संविधान के अनुरूप नहीं है। यह अनुच्छेद 19 (1)(ए) के तहत नागरिकों के मौलिक अधिकारों के लिए एक बड़ा नुकसान हो सकता है।

नागरिकों और मीडिया को सूचना के अपने अधिकार की रक्षा करनी चाहिए, ऐसा न करने पर आरटीआई अधिनियम सूचना देने से इनकार करने के अधिकार में बदल जायेगा।

# हरियाणा में हार के बाद कांग्रेस को महाराष्ट्र में अधिक सावधान रहना होगा

– कल्याणी शंकर

**अपनी अनुकू**लता और समझौते की वजह से 2024 के लोकसभा चुनावों में इंडिया ब्लॉक ने अच्छा प्रदर्शन किया। गठबंधन का मुख्य उद्देश्य भाजपा से आमने-सामने की लड़ाई करना था और भाजपा विरोधी वोटों को विभाजित नहीं करना था। गठबंधन ने चिड़चिड़े मुद्दों को पीछे छोड़ दिया और इसके कारण चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रहा।

कांग्रेस पार्टी को अपने इंडिया गठबंधन सहयोगियों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उसने हाल ही में हरियाणा विधानसभा चुनाव को ठीक से नहीं लड़ा, जिससे भाजपा को दस साल की सत्ता विरोधी लहर के बावजूद तीसरी बार जीत हासिल करने का मौका मिल गया। अधिकांश एग्जिट पोल ने कांग्रेस की स्पष्ट जीत की भविष्यवाणी की थी, लेकिन भाजपा ने 90 में से 48 सीटें हासिल कीं, एक ऐसी जीत जिसने खुद भाजपा को भी चौंका दिया।

यदि कांग्रेस हरियाणा में जीत जाती तो कांग्रेस के पुनरुत्थान की कहानी को बढ़ावा मिलता। हालांकि, कांग्रेस ने हाल ही में आंतरिक संघर्षों के कारण यह पांचवां विधानसभा चुनाव गंवा दिया। इसके पहले वह पंजाब, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हार चुकी थी। अब यह अनिश्चित है कि इंडिया गठबंधन में उसकी साझेदार राजनीतिक पार्टियां भाजपा के खिलाफ लड़ाई में उसके साथ एकजुट होंगे या नहीं।

हरियाणा चुनाव में कांग्रेस के लिए आप के साथ गठबंधन जीत के लिए फायदेमंद होता है या नहीं, इस पर बहस हो रही है। दूसरे, हार का असर महाराष्ट्र और झारखंड में होने वाले आगामी चुनावों पर पड़ेगा। हरियाणा के नतीजों का तत्काल असर दिल्ली, महाराष्ट्र और झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनावों में सीटों के बंटवारे पर पड़ने की संभावना है। तीसरे, यह अनिश्चित है कि कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन होगा या नहीं। आप पहले ही कह चुकी है कि वह अकेले चुनाव लड़ेगी।

अपनी अनुकूलता और समझौते की वजह से 2024 के लोकसभा चुनावों में इंडिया ब्लॉक ने अच्छा प्रदर्शन किया। गठबंधन का मुख्य उद्देश्य भाजपा से आमने-सामने की




लड़ाई करना था और भाजपा विरोधी वोटों को विभाजित नहीं करना था। गठबंधन ने चिड़चिड़े मुद्दों को पीछे छोड़ दिया और इसके कारण चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रहा। उन्होंने भाजपा को हराने के एकमात्र उद्देश्य से काम किया और कुछ हद तक इसमें सफल भी रहे। भाजपा का बहुमत कम हो गया और जेडी(यू) और टीडीपी की मदद से सरकार बनानी पड़ी।

हरियाणा की हार ने गठबंधन के भीतर की स्थिति को बदल दिया है, जिसके बाद इंडिया ब्लॉक की अन्य राजनीतिक पार्टियों को कांग्रेस पर बढ़त मिल गयी है। साझेदार शायद थोड़ी अधिक संयमित और समझ-बूझ से निर्णय करते हुए अब कांग्रेस के साथ काम करेंगे।

अभी तक किसी राजनीतिक पार्टी ने यह नहीं कहा है कि इंडिया ब्लॉक खत्म हो गया है। इसके विपरीत, हार के एक दिन बाद समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव के बयान से संकेत मिलता है कि कांग्रेस के साथ सपा का गठबंधन जारी रहेगा। अखिलेश ने कहा, 'मैं कहना चाहता हूं कि इंडिया ब्लॉक बना रहेगा। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस-सपा का गठबंधन बरकरार रहेगा।'

आम आदमी पार्टी ने कहा है कि वह दिल्ली विधानसभा चुनाव में अकेले चुनाव लड़ेगी, जबकि उसने तीन महीने पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था। कांग्रेस तथा आप को कोई सीट नहीं मिली थी। अन्य सहयोगियों ने कांग्रेस की अति आत्मविश्वास और सीट बंटवारे के प्रति उसके कठोर रवैये की आलोचना की।

लोकसभा चुनाव में अपनी संख्या दोगुनी करने वाली कांग्रेस हरियाणा में मिली करारी हार के बाद कमजोर पड़ गयी है। अधिकांश एग्जिट पोल ने हरियाणा में कांग्रेस की आश्चर्यजनक जीत का संकेत दिया क्योंकि भाजपा को 10 साल की सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ा और असंतुष्ट लोगों के एक वर्ग से निपटना पड़ा। हालांकि, भाजपा ने सबको चौंका दिया और हरियाणा में अपनी सबसे प्रभावशाली जीत दर्ज की। इस ग्रामीण राज्य में किसी भी पार्टी को कभी भी तीसरे कार्यकाल के लिए जीत हासिल नहीं हुई थी।

महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के बीच सीटों के बंटवारे पर चर्चा चल रही है। कांग्रेस को सीट बंटवारे के फॉमूर्ले और चुनाव से पहले ही ठाकरे को सीएम के चेहरे के रूप में पेश करने की शिवसेना की मांग पर अधिक संवेदनशील होने की जरूरत है।

आप ने हरियाणा चुनाव में कोई सीट नहीं जीती, लेकिन उसे लगभग 1.78 प्रतिशत वोट मिले। अगर कांग्रेस ने आप के साथ गठबंधन किया होता तो निस्संदेह यह इंडिया ब्लॉक की झोली में जुड़ जाता। शिवसेना नेता संजय राऊत के अनुसार, कांग्रेस ने छोटी पार्टियों और उनके सहयोग के प्रस्तावों को नजरअंदाज कर दिया।

तृणमूल कांग्रेस, आप, शिवसेना (उद्धव), नेशनल कॉन्फ्रेंस, आरजेडी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और अन्य पर्टियों के नेताओं ने हरियाणा चुनाव में गड़बड़ी के लिए कांग्रेस की आलोचना की। शिवसेना के मुखपत्र सामना में बुधवार को संपादकीय में कहा गया, 'किसी ने नहीं सोचा था ।

## धनुष यज्ञ के मंचन के साथ हुआ रामलीला का समापन, दूर-दूर से देखने पहुंचे लोग

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ नगर क्षेत्र में चल रही श्री अनुष्ठानी रामलीला का बीती रात धनुष यज्ञ के साथ भव्य समापन हुआ। कलाकारों का शानदार नाट्य मंचन देखने को क्षेत्रीय श्रद्धालु रामलीला पंडाल में मौजूद रहे।

परम्परागत ढंग से 28 सितंबर को श्री अनुष्ठानी रामलीला समिति ने रामलीला का शुभारंभ किया था। ये कार्यक्रम 18 दिनों तक चला। जिसमें विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल थीं। बीती रात धनुष यज्ञ की रामलीला का आयोजन किया गया। रामलीला में अयोध्या के दीपक शुक्ला ने राम, फतेहपुर के जीतू त्रिपाठी ने लक्ष्मण, गोपाल शुक्ला ने परशुराम, कौशाम्बी के अनुज तिवारी ने सीता, रीवा के लवकुश पांडेय ने बाड़ासुर, बांदा



धनुष यज्ञ का मंचन करते कलाकार।

के मुन्ना तिवारी ने जनक और जय प्रकाश त्रिपाठी ने रावण का अभिनय किया। नृत्य कलाकार चांदनी, पिंकी, नीलू व विदुषक शिव प्रकाश दुबे ने भी लोगों का मनोरंजन किया। श्री हनुमत मंडल अयोध्या के संचालक जय प्रकाश त्रिपाठी, समिति के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश शुक्ला, सच्चिदानंद मिश्रा, युवा समाजसेवी अजय मिश्रा, विजय मिश्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। अध्यक्ष सूर्य प्रकाश शुक्ला ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामलीला का आयोजन बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान दूर-दूर से ग्रामीण आए व रामलीला का आनंद लिया।

### निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश शासन आयुष विभाग जिलाधिकारी के आदेशानुसार महर्षि बाल्मीकि जयंती के अवसर पर तपोस्थली लालापुर में गुरूवार को होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग ने निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में कुल 568 तीर्थ यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण व निःशुल्क औषधि वितरण किया गया। शिविर में डॉ दिलीप सिंह जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ मुकेश कुमार पांडेय, डॉ प्रीती झा, डॉ कुसमेंद्र सिंह, अशोक कुमार तिवारी, सुशील कुमार सिंह फार्मासिस्ट, पंकज कुमार पटेल, अश्वनी कुमार ओझा योग प्रशिक्षक, राम बाबू, बृजेश कुमार सिंह, जुगल किशोर पाण्डेय, उदयभान आदि मौजूद रहे।

## नुक्कड नाटक टीम ने डायल 112 के प्रति किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** डायल 112 की नुक्कड़ नाटक टीम ने नुक्कड़ नाटक से आम जनता को डायल 112 के प्रति जागरुक किया।

गुरुवार को अपर पुलिस महानिदेशक यूपी 112 के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी/नोडल अधिकारी डायल 112 चक्रपाणि त्रिपाठी व प्रभारी निरीक्षक डायल 112 शम्भू दयाल मौर्य की देखरेख में देवराज क्रिएशन कानपुर की नुक्कड़ नाटक टीम ने दरोगा आशुतोष सिंह भदौरिया की अगुवाई में जिलाधिकारी कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा निर्मोही अखाड़ा सीतापुर में नुक्कड़ नाटक का



लोगों को जागरूक करती टीम।

आयोजन किया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक टीम के कलाकारों ने आम जनता को आपातकाल की स्थिति में त्वरित सहायता को तत्काल डायल 112 पर कॉल करने को जागरुक किया। विभिन्न प्रकार के नाटक पेश किये। जैसे कि किसी व्यक्ति का सड़क हादसा होता है तो तत्काल उसे अस्पताल भेजें, न कि वीडियो बनायें। फिर तत्काल 112 डायल करें। किसी भी कार्यालय में किसी महिला का उच्चाधिकारी के उत्पीड़न करने पर तत्काल 112 डायल करें। किसी घर में पति के महिला के साथ मारपीट की जाती है तो इस स्थिति में तत्काल 112 डायल करें।

## ट्रेन हादसाः कटैयाडांडी के पास मिला क्षत-विक्षत शव, पहचान में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बरगढ़ थाना क्षेत्र के तहत मुम्बई-हावड़ा रेलमार्ग पर मानिकपुर-नैनी रेल खण्ड में एक युवक की ट्रेन से गिरने से मौत का मामला सामने आया। रेलवे टैड्रक पर सवेरे 25 वर्षीय युवक का क्षत-विक्षत शव मिला।

गुरुवार को सवेरे हादसे की जानकारी हुई। युवक के शव की शिनाख्त करने को बरगढ़ पुलिस ने उसके जेब से एक मोबाइल फोन व बेंगलुरु से पाटलिपुत्र स्टेशन का सुपरफास्ट ट्रेन का टिकट बरामद किया। आशंका जताई कि मृतक बिहार का रहने वाला हो सकता है। रेल कर्मियों के अनुसार मृतक गाडी नम्बर 22352 बेंगलुरु-पाटलिपुत्र सुपरफास्ट ट्रेन से सवेरे सवा तीन बजे गिरा होगा। ट्रेन से गिरने की सूचना कीमैन फूलचन्द्र पाल ने कटैयाडांड़ी स्टेशन पर दी। इसके बाद सहायक स्टेशन प्रबंधक अविनाश कुमार ने बरगढ़ स्टेशन से पुलिस को सूचना भेजी। बरगढ़ थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य मौके पर पहुंचकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेजा। मामले की जांच जारी है। पुलिस मृतक की पहचान की कोशिश कर रही है।

## नानाजी के 108वें जन्मदिवस पर त्रिदिवसीय शरदोत्सव शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतरत्न नानाजी देशमुख के 108वें जन्मदिवस पर बीती रात त्रिदिवसीय शरदोत्सव शुरू हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हजारों दर्शकों ने शरद पूर्णिमा की चांदनी में खीर का प्रसाद ग्रहण किया।

दीनदयाल शोध संस्थान व जिला प्रशासन सतना के सहयोग से मप्र के संस्कृति संचालन में भारतरत्न नानाजी देशमुख के 108वें जन्मदिवस के मौके पर त्रिदिवसीय शरदोत्सव का भव्य आयोजन शुरू हुआ। ये आयोजन 16 से 18 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें देशभर की लोक



लोकनृत्य करते कलाकार।

संस्कृतियों व कलाओं का शानदार प्रदर्शन किया जा रहा है। शरदोत्सव के पहले दिन कार्यक्रम की शुरुआत मप्र उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा व आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार, पूज्य दिव्यजीवन दास, डॉ रामनारायण त्रिपाठी व अन्य अतिथियों की मौजूदगी में हुई। सभी ने नानाजी देशमुख की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित कर दीप जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि आज का दिन महर्षि वाल्मीकि व नानाजी देशमुख की जयंती का विशेष दिन है। नानाजी ने समाज को संगठित व स्वावलंबन की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनकी प्रेरणा से ये शरदोत्सव लोक संस्कृति व विरासत को सहेजने का प्रयास है।

शरदोत्सव की सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत गोंडवाना संस्कृति के प्रसिद्ध लोकनृत्य जलवा से हुई। जिसे कृष्णा देवी वनवासी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने प्रस्तुत किया। इसके बाद विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने मराठी लावणी, गुजराती गरबा और राजस्थानी घूमर जैसे पारंपरिक नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट ने मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना की प्रस्तुति ने भी दर्शकों से खूब वाहवाही बटोरी। सांस्कृतिक संध्या का समापन सुप्रसिद्ध भजन गायक पवन तिवारी की भजन संध्या से हुआ। जिसमें राम भक्ति और देवी भजनों की मधुर स्वर लहरियों ने समां बांध दिया। शरदोत्सव में आने वाले हजारों दर्शकों को अमृतमयी खीर का प्रसाद वितरित किया गया। चांदनी रात में इस प्रसाद का वितरण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि शरदोत्सव का आयोजन लोक संस्कृति व कलाओं को सहेजने के लिए किया जा रहा है। नानाजी देशमुख की प्रेरणा से ये परंपरा जारी है।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की देखरेख में दरोगा कन्हैया बक्श सिंह ने सिपाही शाकिर अली के साथ कल्लू यादव डांडी मजरा रुकमा खुर्द को दस लीटर महुआ शराब सतेत गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

## गोस्वामी तुलसीदास सांस्कृतिक, साहित्यिक व सामाजिक विषय पर हुआ सेमिनार

### दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में व्यंजना आर्ट एण्ड कल्चर सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार में गोस्वामी तुलसीदास सांस्कृतिक, साहित्यिक व सामाजिक विषय पर सेमिनार हुआ।

कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारम्भ पद्म विभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास एक महान विद्वान संत है। गोस्वामी तुलसीदास के रचित रामायण अवधी भाषा में आज विश्व प्रसिद्ध रामचरितमानस जनमानस के सभी समस्याओं का



कार्यक्रम का शुभारम्भ करते रामभद्राचार्य आदि।

समाधान है। अवधी भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला। अवधी भाषा को समुच्य भाषा माना है।

गुरुवार को प्रथम सत्र में कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री विदुषी विधा बिंदु सिंह ने कहा कि अवधी भाषा, लोकलय में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वर्तमान समय में फिल्मों में भी अवधी व भोजपुरी भाषा का एक महत्वपूर्ण योगदान है। मंच पर कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य व उनके उत्तराधिकारी रामचंद्र दास का स्वागत किया। कार्यक्रम में द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। इस मौके पर डा इला द्विवेदी दतिया, डा कल्पना दुबे गाजियाबाद, दिबया दुबे, वेणु वनिता, डा रामशंकर काशी टीम के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डीन महेंद्र कुमार उपाध्याय, डा हरिकांत मिश्रा, डा सुशील कुमार, विनोद कुमार मिश्र, डा गुलाब धर, डा निहार मिश्रा, डा ज्योति, डा भविष्या माथुर, डा संध्या पांडेय, डा विशेष दुबे, हिंदी विभाग की अध्यक्ष डा किरण तिवारी, डा शांत चतुर्वेदी, डा दुर्गेश मिश्र, एसपी मिश्रा, सुधीर कुमार समेत शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्रायें मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा गोपाल मिश्र ने किया।

## महिला आयोग की सदस्य ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई को लेकर गहरी नाराजगी जताई।

गुरुवार को निरीक्षण दौरान अर्चना पटेल ने महिला वार्ड का भी दौरा किया। जहां उन्होंने प्रसूताओं से उनके हालात की जानकारी ली। उन्होंने डिलीवरी के बाद डॉक्टरों व नर्सों के पैसे मांगने की शिकायतों की भी समीक्षा की। मरीजों ने बताया कि अभी तक उनसे कोई पैसे नहीं मांगे गए, लेकिन उन्होंने अस्पताल में मिलने वाले खाने की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाए। मरीजों को नहीं होनी चाहिए परेशानी अर्चना पटेल ने कहा कि अस्पतालों में सफाई व चिकित्सा सेवाओं का स्तर बेहतर करना है। महिला मरीजों को किसी



मरीजों से जानकारी लेती सदस्य।

भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि वे मरीजों की जरूरतों का ध्यान रखें। सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार न हो।

## महर्षि बाल्मीकि जयंती पर बाल्मीकि रामायण पाठ, भजन कीर्तन का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रभु श्रीराम के आदर्श को लिपिबद्ध कर संपूर्ण सृष्टि को कालजई रचना रामायण का अनुपम उपहार देने वाले आदि कवि महर्षि बाल्मीकि जयंती के मौके पर बाल्मीकि रामायण पाठ भजन कीर्तन, हवन वाल्मीकि आश्रम लालपुर में किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, महंत भरत दास महाराज मौजूद रहे।

गुरुवार को सर्वप्रथम सभी संत महात्माओं एवं जनप्रतिनिधियों ने बाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। साथ ही तमशा नदी का पूजा अर्चन एवं आरती की। इसके बाद सभी संत महात्माओं एवं जनप्रतिनिधियों ने हरी संकरी पौधे का पौधरोपण किया। साथ ही वाल्मीकि स्थल पर लगे विजय पताका ध्वजारोहण का आरती एवं पूजन किया। इस अवसर पर लोक कलाकार दयाराम रैकवार बांदा द्वारा रामायण पाठ एवं संगीतमय लवकुश प्रसंग प्रस्तुत किया गया। कामदगिरि आरती स्थल विपिन विराट महाराज कि टीम द्वारा रामजय, आरती एवं स्वास्तिक वाचन प्रस्तुत किया गया। साथ ही संत महात्माओं एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा हवन किया गया। इस अवसर पर रामलीला समिति बांदा द्वारा लौकिक प्रसंग भी प्रस्तुति किया गया। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के मार्गदर्शन में वाल्मीकि जयंती पर जनपद के प्रमुख मंदिरों, मठो में पूजन अर्चन एवं आरती भी किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष जिला पर्यटन व संस्कृति विभाग आनंद सिंह पटेल, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश



पूजन-अर्चन करते अतिथि।

चतुर्वेदी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, भाजपा महामंत्री अश्वनी अवस्थी, आलोक पांडेय, सह प्रांत संघ संचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवा संघ कानपुर प्रान्तपीओ नेडा एके श्रीवास्तव, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान बगरेही केदारनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

## साइलेज से किसानों को मिलेगा उच्च गुणवत्ता का चाराः डॉ अनीता तोमर

### सूखे मौसम में हरे चारे की कमी दूर करने में मिलेगी मदद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीनदयाल शोध संस्थान के गौवंश विकास एवं अनुसंधान केन्द्र में सूखे मौसम में हरे चारे की कमी को दूर करने को ग्रामीणों को साइलेज बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना-17 के तहत आयोजित किया गया।



प्रशिक्षण में मौजूद किसान।

गुरुवार को इस पहल के तहत ग्रामीणों व पशुपालकों को साइलेज बनाने की प्रक्रिया सिखाई गई। किसान ठंडी व गर्मी में पशुओं को पोषक चारा दे सकेंगे। कार्यक्रम में चारा बैंक बनाने की जानकारी दी गई। चारा बैंक भविष्य में पशुपालकों को हरे चारे की आपूर्ति सालभर करेगा। प्रयागराज से आई केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अनीता तोमर ने कहा कि साइलो में किण्वन प्रक्रिया फसलों के पोषक तत्वों को बनाए रखने में मदद करती है। इससे पशुओं को संतुलित आहार सुनिश्चित होता है। ये एक भरोसेमंद ऊर्जा-समृद्ध चारा स्त्रोत बनता है। साइलेज में सूखी घास की तुलना में कहीं ज्यादा पौष्टिक तत्व व फीड के मुकाबले कम रसायन होते हैं। डीआरआई वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा प्रमुख डॉ मनोज त्रिपाठी ने बताया कि साइलेज पशुओं के स्वास्थ्य को अच्छा होता है। दुधारू पशुओं के दूध की गुणवत्ता में सुधार होता है। कार्यक्रम में प्रयागराज से शोर्थी स्वाति प्रिया, सत्यव्रत सिंह ने साइलेज बनाने के विधि का प्रशिक्षण व प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में वीरेंद्र प्रजापति, योगेंद्र मिश्रा, देव कुमार विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## महर्षि बाल्मीकि मूर्ति में दरार का मामला

### भ्रष्टाचार का आरोप, 20 लाख से हुआ था निर्माण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद मिश्रा ने पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। मिश्रा ने आरोप लगाया कि बाल्मीकि आश्रम लालपुर में स्थापित महर्षि बाल्मीकि की मूर्ति के निर्माण में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। 20 लाख की लागत से बनी इस मूर्ति में कुछ ही दिनों पहले दरारें आ गई थीं। जिसे लेकर मिश्रा ने मूर्ति पर लीपा-पोती करने का भी आरोप लगाया है। गुरुवार को ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्रा ने कहा कि वे जल्द ही इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करेंगे। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महर्षि बाल्मीकि आश्रम लालपुर समेत अन्य तीर्थ स्थलों के लिए करोड़ों की सौगात दी है। अब इस भ्रष्टाचार के आरोपों से जिले में हड़कंप मचा हुआ है। पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव पर लगे इन आरोपों के बाद से प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। सवाल ये उठता है कि आखिर 20 लाख की मूर्ति इतनी जल्दी खराब कैसे हो गई।

## कुल्हाडी मारकर बहू की हत्या करने वाले जेठ को उम्रकैद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कुल्हाडी मारकर बहू की हत्या करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने हत्यारोपी जेठ को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रुपये जुर्माना से दंडित किया है।

गुरुवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुन्दर मिश्रा ने बताया कि बीती 20 जून 2022 को रैपुरा थाना क्षेत्र के बांधी गांव के निवासी राजेश रैदास ने रैपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। राजेश के अनुसार उसके बेटे की बारात 21 जून को जानी थी। इस दौरान घर में चल रही तैयारियों के बीच उसकी पत्नी कुसमा (45) पर उसके बड़े भाई बाबूलाल उर्फ बबुलिया रैदास ने कुल्हाडी से हमला कर दिया। जिससे कुसमा गम्भीर रूप से घायल हो गई। वहां मौजूद उनके बेटे पंकज ने 112 नम्बर पर फोन करके इसकी जानकारी दी और 108 एम्बुलेंस के जरिए कुसमा को रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। यहां गम्भीर हालत के चलते प्राथमिक इलाज के बाद कुसमा को रिफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। वादी राजेश के अनुसार उसकी पत्नी लगभग दो महीने पहले बरेठी में उनकी बहन ननकी के यहां गई थी। इस बात को लेकर भाई बाबूलाल नाराज था। इसके चलते वैवाहिक कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे घर के सदस्यों और महमानों की मौजूदगी में उसने घर के आंगन में कुसमा पर कुल्हाडी से हमला किया था।

पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी बाबूलाल उर्फ बबुलिया को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 10 हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया।

# ट्रूडो ने मोदी पर अब क्या आरोप लगा दिया, G20 की बैठक का जिक्र कर भारत पर अपना एहसान जताया

**कनाडा**

**भारत** एक साल से सबूत मांग रहा था। कनाडा के प्रधानमंत्री चुप्पी साध कर बैठे थे और अब कह रहे हैं कि उनके पास इंटेल के आधार पर जानकारी हैं, लेकिन इसका कोई सबूत नहीं है। यानी बिना किसी सबूत के आधार पर राजनयिक साझेदारी को ताक पर रखकर ट्रूडो ने ऐसा बयान दिया जो उनके निजी फायदे के लिए सबसे कामयाब सत्य बन सकता था। लेकिन झूठ ज्यादा दिन तक छुप नहीं पाता है।

एक एक कर कनाडा का झूठ सामने आ रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री बुरी तरह फंस गए हैं। आने वाले चुनाव में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो जीत के लिए हर हद को पार करते हुए भारत पर एक से बढ़कर एक आरोप लगा रहे थे। लेकिन जस्टिन ट्रूडो से जितनी बार भारत ने सबूत मांगा उतनी बार जस्टिन ट्रूडो ने चुप्पी साध कर रखी। अब लगातार प्रेशर बना और कनाडा से पूछा गया कि आपके पास सबूत हैं या नहीं। तो जस्टिन ट्रूडो के मुंह से सच निकल गया। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत सरकार के एजेंट्स पर कनाडा ने खुलकर आरोप लगाए। कनाडा के प्रधानमंत्री ने संसद से भारत पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि भारत सरकार के एजेंट्स इस हत्या में शामिल हैं। भारत एक साल से सबूत मांग रहा था। कनाडा के प्रधानमंत्री चुप्पी साध कर बैठे थे और अब कह रहे हैं कि उनके पास इंटेल के आधार पर जानकारी हैं, लेकिन इसका कोई सबूत नहीं है। यानी बिना किसी सबूत के आधार पर राजनयिक साझेदारी को ताक पर रखकर ट्रूडो ने ऐसा बयान दिया जो उनके निजी फायदे के लिए सबसे कामयाब सत्य बन सकता था। लेकिन झूठ ज्यादा दिन तक छुप नहीं पाता है।

जस्टिन ट्रूडो ने पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी के साथ अपनी मुलाकात को याद किया, जहां उन्होंने वैंकूवर में एक खालिस्तानी आतंकवादी की



हत्या पर चर्चा की थी। संघीय चुनावी प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थानों में विदेशी हस्तक्षेप की सार्वजनिक जांच से पहले गवाही देते हुए ट्रूडो ने कहा कि उन्होंने दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन की समाप्ति के बाद पीएम मोदी से मुलाकात की और साझा किया कि हम जानते थे कि वे इसमें शामिल थे और हमने इसके बारे में वास्तविक चिंता व्यक्त की थी। खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में उन्होंने कहा कि पिछले साल सितंबर में भारत द्वारा आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन था। यह भारत के लिए एक बड़ा अवसर था और यदि इन आरोपों को कनाडा उस समय सार्वजनिक कर देता तो भारत के लिए इस शिखर सम्मेलन में बहुत असहज स्थिति बन सकती थी।

ट्रूडो के अनुसार, भारतीय नेता ने सामान्य प्रतिक्रिया के साथ जवाब दिया और कहा कि हमारे पास कनाडा में रहने वाले ऐसे लोग हैं जो भारत सरकार के खिलाफ मुखर हैं, जिन्हें वह गिरफ्तार होते देखना चाहते हैं। ट्रूडो ने कहा कि उन्होंने यह समझाने की कोशिश की कि कनाडा में विदेशी सरकारों की आलोचना करने या वास्तव में कनाडाई सरकार की आलोचना करने की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। विशेष रूप से वह अपने आरोपों के बारे में बोल रहे थे जहां उन्होंने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को कथित तौर पर भारत सरकार से जुड़े भारतीय एजेंटों से जोड़ा था। उन्होंने कहा कि हमने जांच शुरू की। इन आरोपों और हमारी जांच पर भारतीय प्रतिक्रिया इस सरकार के खिलाफ हमलों को दोगुना करने, इस सरकार की अखंडता के खिलाफ हमलों, सामान्य रूप से कनाडा के खिलाफ हमलों को कम करने के लिए थी।

## यमन के हूती विद्रोहियों के भूमिगत बंकरों पर अमेरिका के बी-2 बमवर्षकों से किया गया हमला




**यमन**

**अधिकारियों** ने बताया कि यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस हमले से कितना नुकसान हुआ है। यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाने के लिए ह्यबी-2 स्पिरिटह्न का इस्तेमाल करना आम बात नहीं है। अमेरिका के लंबी दूरी की मारक क्षमता वाले बी-2 बमवर्षक से यमन के हूती विद्रोहियों के भूमिगत बंकरों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार तड़के इसकी जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस हमले से कितना नुकसान हुआ है। यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाने के लिए बी-2 स्पिरिट का इस्तेमाल करना आम बात नहीं है। बी-2 स्पिरिट ऐसा बमवर्षक है जिसमें दुश्मन की नजर में आए बिना हमला करने की क्षमता है। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के हमलों के विरोध में हूती विद्रोही लाल सागर में कई महीनों से पोतों को निशाना बना रहे हैं।

## पेरू: जेल में आग लगने से पांच लोगों की मौत, 12 से ज्यादा घायल

**लीमा। पेरू** के शहर हुआंकायो की एक जेल में आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 12 से ज्यादा घायल हो गए। नेशनल पेनिटेंटरी इंस्टीट्यूट (आईएनपीई) ने बुधवार को बताया कि आग मंगलवार को स्थानीय समयानुसार रात 9:30 बजे हुआंकायो जेल के पवेलियन दो के शू वर्कशॉप में लगी। इसके कारण पांच लोगों की दम घुटने से मौत हो गई।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्थिति की जानकारी



मिलने पर सुरक्षाकर्मियों ने स्थानीय अग्निशमन कर्मियों को सूचित किया। कम से कम 30 दमकलकर्मी, एम्बुलेंस और सहायता वाहनों के साथ मौके पर पहुंचे। आईएनपीई के बयान के अनुसार, बचाव कार्य में पेरू की राष्ट्रीय पुलिस के 100 अधिकारी, एक ड्यूटी पर तैनात अभियोजक, आपातकालीन चिकित्सा सेवा और अन्य विभागों की एम्बुलेंस भी शामिल थीं।

आईएनपीई ने कहा कि स्थापित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार, पवेलियन दो के कैदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। निजी प्रसारक एक्सिटोसा की रिपोर्ट के अनुसार, ऐसा माना जा रहा है कि शू वर्कशॉप में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी, जो ज्वलनशील पदार्थों के कारण और भी भयंकर हो गई।

## मैं नेतृत्व की नयी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हूं: कमला हैरिस

**अमेरिका**


**राष्ट्रपति** पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हैरिस ने अपने प्रतिद्वंद्वी एवं रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को इस चुनाव में खड़े होने के लिए अयोग्य बताया।

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने बुधवार को कहा कि वह भावी पीढ़ी के नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करती हैं और राष्ट्रपति चुने जाने पर उनका कार्यकाल मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन एवं उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल से अलग होगा।

हैरिस ने ह्यफॉक्स न्यूजह्न चैनल से साक्षात्कार के दौरान कहा, ह्यह्यराष्ट्रपति के रूप में मेरा कार्यकाल जो बाइडन के कार्यकाल का विस्तार नहीं होगा। पदभार ग्रहण करने वाले प्रत्येक नए राष्ट्रपति की तरह मैं भी अपने जीवन के अनुभव, अपने पेशेवर अनुभव और नए विचार लेकर आऊंगी।

मैं नेतृत्व की नयी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हूं।

उन्होंने कहा, ह्यह्यउदाहरण के लिए, मैं ऐसी व्यक्ति हूं जिसने अपने करियर का अधिकतर समय वाशिंगटन डी.सी. में नहीं बिताया है। मैं लोगों के विचारों का स्वागत करती हूं, चाहे वे मेरा समर्थन करने वाले रिपब्लिकन पार्टी के नेता हों,



चाहे वे लोग हों जो कुछ मिनट पहले मेरे साथ मंच पर थे या व्यापार क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों के ऐसे लोग हों, जो मेरे द्वारा लिए जाने वाले निर्णयों में योगदान दे सकते हैं।

राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हैरिस ने अपने प्रतिद्वंद्वी एवं रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को इस चुनाव में खड़े होने के लिए अयोग्य बताया।

उन्होंने साथ ही कहा कि अमेरिका की आव्रजन प्रणाली खराब है जिसे दुरुस्त करने की आवश्यकता है। यह पूछे जाने पर कि बाइडन-हैरिस प्रशासन के दौरान कितने अवैध प्रवासी अमेरिका आए, हैरिस ने संख्या नहीं बताई लेकिन उन्होंने कहा, बात यह है कि हमारे पास एक खराब आव्रजन प्रणाली है जिसे दुरुस्त करने की आवश्यकता है।

## क्रिकेट संबंधों को बेहतर बनाने पर हुई चर्चा- जयशंकर

**पाकिस्तानी**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर और उनके पाकिस्तानी समकक्ष इशाक डार ने दो मौकों पर अनौपचारिक बातचीत की और उनमें से एक में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट संबंधों को बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बातचीत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन के मौके पर हुई, लेकिन ठंडे द्विपक्षीय संबंधों में किसी भी तरह की नरमी का कोई संकेत नहीं मिला। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर एससीओ की बैठक के लिए पाकिस्तान गए। अभ मीटिंग के बाद एक बड़ी खबर वहां से सामने आ रही है। खबर ये है कि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की मुलाकात पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ से लंच टेबल पर भी हुई है। सूत्र बता रहे हैं कि दोनों के बीच कुछ बातचीत भी हुई है। इसके अलावा सूत्र ये दावा कर रहे हैं कि एक चिट चैट उस कॉमन हॉल में भी हुई है जहां सारे नेता खड़े थे। वहां भी पाकिस्तान के पीएम जयशंकर के साथ बातचीत करते हुए नजर आए। हालांकि इसके पहले पाकिस्तानी पीएम के साथ एस जयशंकर की बातचीत की तस्वीरें पूरी दुनिया ने देखी। विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके पाकिस्तानी समकक्ष इशाक डार ने दो मौकों पर अनौपचारिक बातचीत की और उनमें



से एक में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट संबंधों को बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बातचीत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन के मौके पर हुई, लेकिन ठंडे द्विपक्षीय संबंधों में किसी भी तरह की नरमी का कोई संकेत नहीं मिला। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने जयशंकर की इस्लामाबाद यात्रा को आइस ब्रेकर बताया। सूत्रों ने बताया कि कल शाम एससीओ प्रतिनिधियों के लिए पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ द्वारा अपने आवास पर आयोजित रात्रिभोज समारोह में जयशंकर और डार के बीच एक अनौपचारिक बैठक हुई। उन्होंने कहा कि इसमें पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी भी शामिल हुए और संक्षिप्त बातचीत में क्रिकेट संबंधों में सुधार पर चर्चा हुई। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष भी हैं। यह पता चला है कि पाकिस्तानी पक्ष ने अगले साल फरवरी में पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत की भागीदारी का अनुरोध किया था।

## भारतीय जांच समिति के साथ बैठक सार्थक रही: अमेरिका



**अमेरिका**

**मिलर** ने कहा, कल हुई बैठक में हमने जांच समिति के सदस्यों को अमेरिका द्वारा की जा रही जांच के बारे में जानकारी दी। हमें इस संदर्भ में उनकी जांच के बारे में भी जानकारी मिली है। यह एक सार्थक बैठक थी।

अमेरिका ने एक अमेरिकी सिख अलगाववादी नेता की हत्या की साजिश में भारतीय अधिकारी की संलिप्तता के आरोपों की जांच के लिए गठित भारतीय जांच समिति के देश के दौरे के दौरान हुई बैठक को सार्थक बताते हुए कहा कि वे भारत की ओर से मिले सहयोग से संतुष्ट हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम भारत से मिल रहे सहयोग से संतुष्ट हैं। यह एक सतत प्रक्रिया है।

हम इस पर उनके साथ काम करना जारी रखेंगे, जैसे हम उन्हें अपनी जांच के बारे में अद्यतन करते रहे हैं, उसी तरह हम उनकी जांच के संदर्भ में हमें लगातार जानकारी मुहैया करने की भी सराहना करते हैं।

अमेरिका ने अमेरिकी सिख अलगाववादी नेता की हत्या की साजिश में एक भारतीय अधिकारी की संलिप्तता के आरोप लगाए हैं। मिलर इन आरोपों की जांच कर रही भारतीय जांच समिति के अधिकारियों के दौरे के बारे में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे।

मिलर ने कहा, कल हुई बैठक में हमने जांच समिति के सदस्यों को अमेरिका द्वारा की जा रही जांच के बारे में जानकारी दी।

हमें इस संदर्भ में उनकी जांच के बारे में भी जानकारी मिली है। यह एक सार्थक बैठक थी। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, उन्होंने हमें बताया कि न्याय विभाग के अभियोग में नामित व्यक्ति अब भारत सरकार का कर्मचारी नहीं है।

## उ. कोरिया ने संशोधित संविधान में पहली बार द. कोरिया को शत्रु राष्ट्र के रूप में परिभाषित किया

**उ. कोरिया**

**दक्षिण** कोरिया को देश का मुख्य शत्रु घोषित करने, शांतिपूर्ण कोरियाई एकीकरण के लक्ष्य को समाप्त करने तथा उत्तर कोरिया की संप्रभुता एवं क्षेत्र को परिभाषित करने के लिए संविधान में बदलाव का आह्वान किया था।

उत्तर कोरिया ने हाल में संशोधित किए गए अपने संविधान में दक्षिण कोरिया को पहली बार शत्रु राष्ट्रके रूप में परिभाषित किया है। उत्तर कोरिया ने इस बात की पुष्टि की है।



उत्तर कोरिया की संसद ने देश के संविधान में परिवर्तन करने के लिए पिछले सप्ताह दो दिन तक बैठक की थी,

लेकिन सरकारी मीडिया ने इस सत्र के बारे में तत्काल अधिक विवरण उपलब्ध नहीं कराया था।

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने जनवरी में दक्षिण कोरिया को देश का मुख्य शत्रु घोषित करने, शांतिपूर्ण कोरियाई एकीकरण के लक्ष्य को समाप्त करने तथा उत्तर कोरिया की संप्रभुता एवं क्षेत्र को परिभाषित करने के लिए संविधान में बदलाव का आह्वान किया था।

## रूस पर जीत की योजना में यूक्रेन के लिए नाटो की सदस्यता शामिल

**कीव । यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि रूस के खिलाफ जीत की उनकी योजना से क्षेत्र में अगले साल तक शांति बहाल हो सकती है, लेकिन इसमें युद्ध समाप्त होने से पहले कीव को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का सदस्य बनाने की आवश्यकता शामिल है, जिसका कुछ प्रमुख पश्चिमी सहयोगियों ने अभी तक समर्थन नहीं किया है। जेलेंस्की ने यूक्रेन की संसद वेरखोव्ना राडा में दिए संबोधन में कहा, अगर हम अपनी जीत की योजना के मुताबिक बढ़ना शुरू करें, तो अगले साल तक युद्ध समाप्त करना संभव हो सकता है।

उन्होंने पांच सूत्री विजय योजना पेश की, जिसका पहला बिंदु-युद्ध के बीच यूक्रेन को नाटो की सदस्यता देना-संभवतः सबसे महत्वाकांक्षी और पश्चिमी सहयोगियों को सर्वाधिक परेशान करने वाला है। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन को नाटो की सदस्यता प्रदान करना युद्ध में कीव के समर्थन के (सहयोगी देशों के) दृढ़ संकल्प का प्रमाण होगा। नाटो का अनुच्छेद-5 सामूहिक सुरक्षा की गारंटी देता है और इसे वह स्तंभ माना जाता है, जिस पर संगठन की विश्वसनीयता टिकी हुई है।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## भारत ने किया पलटवार, कनाडा में प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग

**कनाडा**

**विदेश** मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान में कहा, आज हमने जो सुना है, उससे हमारी उसी बात की पुष्टि होती है जो हम लगातार कहते आ रहे हैं कि कनाडा ने भारत और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ जो गंभीर आरोप लगाए हैं, उनके समर्थन में उसने कोई सबूत पेश नहीं किया है।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का अपने देश के जांच आयोग के समक्ष सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में भारत के खिलाफ ठोस सबूत नहीं होने की बात को स्वीकारना, उसके इस दृढ़ रुख की पुष्टिकरता है कि कनाडा ने भारत और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ लगाए गए गंभीर आरोपों के समर्थन में हमें कोई ठोस सबूत नहीं दिए। हम आपको बता दें कि जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार को जांच आयोग के समक्ष यह स्वीकार किया था कि जब उन्होंने पिछले साल खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था, तब उनके पास केवल खुफिया जानकारी थी और कोई ठोस सबूत नहीं था।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने ट्रूडो के बयान से संबंधित मीडियाकर्मियों के प्रश्नों के जवाब में बृहस्पतिवार तड़के एक बयान जारी किया, जिसके कुछ विवरण मीडिया रिपोर्ट में सामने आए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान में कहा, आज हमने जो सुना है, उससे हमारी उसी बात की पुष्टि होती है जो हम लगातार कहते आ रहे हैं कि कनाडा ने भारत और भारतीय राजनयिकों



के खिलाफ जो गंभीर आरोप लगाए हैं, उनके समर्थन में उसने कोई सबूत पेश नहीं किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, इस लापरवाह व्यवहार से भारत-कनाडा संबंधों को जो नुकसान पहुंचा है, उसकी जिम्मेदारी अकेले प्रधानमंत्री ट्रूडो की होगी।

हम आपको बता दें कि संघीय चुनावी प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप के मामले में सार्वजनिक जांच के समक्ष बयान देते हुए जस्टिन ट्रूडो ने कहा, मुझे इस तथ्य के बारे में जानकारी दी गई कि कनाडा और संभवतः फाइव आईज सहयोगियों से खुफिया जानकारी मिली है, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि भारत इसमें शामिल था...भारत सरकार के एजेंट कनाडा की धरती पर कनाडा के नागरिक की हत्या में शामिल थे। कनाडा के प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ऐसी चीज है जिसे उनकी सरकार ने बेहद गंभीरता से लिया। हम आपको बता दें कि 'फाइव आईज' नेटवर्क पांच देशों का एक खुफिया गठजोड़ है जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूजीलैंड शामिल हैं। ट्रूडो ने कहा, भारत ने वास्तव में ऐसा किया, और हमारे पास यह मानने के कारण हैं कि उन्होंने ऐसा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का तात्कालिक दृष्टिकोण भारत सरकार के साथ मिलकर इस पर काम करना है, ताकि जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

पिछले वर्ष सितंबर में भारत द्वारा आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन को याद करते हुए उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए एक बड़ा अवसर था और कनाडा उस समय यदि इन आरोपों को सार्वजनिक कर देता तो भारत के लिए इस शिखर सम्मेलन में बहुत असहज स्थिति बन सकती थी। उन्होंने कहा, हमने ऐसा नहीं करने का फैसला किया। हमने पर्दे के पीछे काम करना जारी रखने का फैसला किया ताकि भारत हमारे साथ सहयोग करे। ट्रूडो ने कहा कि भारतीय पक्ष ने सबूत मांगे और हमारा जवाब था। यह आपकी सुरक्षा एजेंसियों के पास है। ट्रूडो ने कहा कि लेकिन भारतीय पक्ष ने सबूतों पर जोर दिया।